दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-38 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 17 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## ओडिशा के कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 मरीजों की मौत



**प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे की घोषणा की**

कटक,(आरएनएस)। ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हुई है। आग तड़के 3 बजे अस्पताल में ट्रॉमा केयर के इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में लगी थी। हादसे के बाद आनन-फानन में गंभीर मरीजों को बाहर निकाला गया और दूसरी जगह शिफ्ट किया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अस्पताल का दौरा किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस समय आईसीयू में आग लगी, उस समय वहां 23 मरीज भर्ती थे, जो गंभीर हालत में थे। उनको निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट करने के दौरान 10 लोगों की मौत हुई है। मरीजों को शिफ्ट करने के दौरान करीब 11 अस्पताल के कर्मचारी भी झुलस गए हैं। उनका इलाज चल रहा है। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया इसका कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री माझी ने अस्पताल का दौरा कर रहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना है। मैंने स्वास्थ्य विभाग को लोगों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है और मृतक के परिवार के सदस्यों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा के लिए 320 करोड़ रुपये का बजट जारी कर चुके थे। घटना को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

## ईरान से सुरक्षित बाहर निकले 550 से अधिक भारतीय नागरिक, जयशंकर ने आर्मेनिया का आभार जताया



नईदिल्ली(आरएनएस)। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बीच ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को लेकर राहत भरी खबर आई है। यहां से सोमवार को अब तक 550 से अधिक नागरिक की ईरान से सुरक्षित निकासी हो गई है। वे आर्मेनिया के रास्ते बाहर निकले हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए आर्मेनिया सरकार की आभार जताया। उन्होंने पोस्ट में आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान को टैग किया है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी में सहयोग के लिए आर्मेनिया की सरकार और वहां की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। इन चुनौतीपूर्ण समय में अरारत मिर्जोयान के सहयोग की सराहना करता हूं। बता दें कि 550 से अधिक भारतीयों की निकासी के बाद अब ईरान में फंसे नागरिक काफी कम बचे हैं, जिनको वापस भारत लाने की कोशिशें जारी हैं। विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते बताया था कि ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक अभी भी हैं।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद भवन में पुष्प गुच्छ भेंट कर मुलाकात की**

## हरदीप पुरी की बेटी ने एपस्टीन विवाद को लेकर 10 करोड़ का मानहानि मुकदमा दायर किया

नईदिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अमेरिका के यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े विवाद में उनका नाम घसीटने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में एक मानहानि मुकदमा दायर कर उन सभी ऑनलाइन समाचार रिपोर्टों, पोस्टों, वीडियो और अन्य सामग्री को हटाने की मांग की है, जिसमें उन्हें एपस्टीन से जोड़ा गया है। हिमायनी ने सोशल मीडिया संस्थाओं और अज्ञात व्यक्तियों (जॉन डो) पर 10 करोड़ रुपये मानहानि का दावा किया है। हिमायनी की याचिका में दावा है कि 22 फरवरी, 2026 से शुरू होकर, कई सोशल मीडिया संस्थाओं ने आरोप लगाना शुरू कर दिया कि हिमायनी जेफरी एपस्टीन या उसकी आपराधिक गतिविधियों के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय, व्यक्तिगत या अन्य नेटवर्क संबंध बनाए रखती थी। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर आरोप है कि उनको एपस्टीन या उनके सहयोगियों से धन, वित्तीय लाभ या दूषित धन प्राप्त हुआ था। उन्होंने आरोप पूरी तरह से झूठे और दुर्भावनापूर्ण बताए हैं। उन्होंने अपनी याचिका में सभी आपत्तिजनक सामग्री को हटाने और सभी सोशल मीडिया मंचों जैसे एक्स, गूगल, मेटा और लिंक्डइन को निर्देश देने की मांग की है कि जब पुरी इसी तरह के मानहानिकारक बयान या आरोप उनके संज्ञान में लाएं, तो उन्हें उन्हें हटा देना चाहिए।



## लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा, राज्यसभा में एलपीजी पर हंगामा

### खड़गे बोले- अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते

नई दिल्ली,(ए.)। सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते।

इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है।



इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसद के सवालों के जवाब दिए। राज्यसभा में कार्यकाल पूरा होने पर रंजन गोगोई को विदाई दी गई। 9 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले हफ्ते में विपक्ष के विरोध के कारण सुबह 11 बजे से 12 बजे तक होने वाला प्रश्नकाल पूरा नहीं हो पा रहा था।

## पश्चिम बंगाल चुनावः भाजपा की 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, ममता बनर्जी को चुनौती देंगे सुवेंदु अधिकारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को प.बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों- भबनीपुर और नंदीग्राम से मैदान में उतारा है, जबकि शंकर घोष को सिलीगुड़ी से, अशोक डिंडा को मोयना से, अग्निमित्रा पॉल को आसनसोल दक्षिण से मैदान में उतारा गया है.बंगाल विधानसभा चुनाव में दिलीप घोष खड़गपुर सदर से और स्वपन दासगुप्ता कोलकाता की रासबिहारी सीट से चुनाव लड़ेंगे.पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है. कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां भी मैदान में हैं. टीएमसी ने अभी तक उम्मीदवारों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की है.भवानीपुर से सुवेंदु को मैदान में उतारने को भाजपा द्वारा टीएमसी के नेतृत्व को उसके गढ़ में चुनौती देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। सुवेंदु ने इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम से ममता को हराया था, जिसकी खूब चर्चा हुई थी। सुवेंदु पहले खुद टीएमसी में रहे हैं।

## होर्मुज तनाव के बीच भारत को राहत, एलपीजी जहाज शिवालिक 40 हजार टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

कच्छ (गुजरात) (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच भारतीय जहाज शिवालिक 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर सोमवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया. यह जहाज होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने के बाद पोर्ट पर पहुंच गया.इस बारे में नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हाल के डेवलपमेंट्स पर पत्तन, पोत परिवहन और



जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर आ चुका है।

कार्गो के डिस्चार्ज में कोई देरी न हो, इसके लिए पोर्ट पर डॉक्यूमेंटेशन और प्रायोरिटी बर्थिंग का इंतज़ाम कर लिया गया है.जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी ने आगे कहा कि एलपीजी ले जाने वाला एक और भारतीय जहाज नंदा देवी मंगलवार आएगा।

## विधानसभा चुनाव : आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू करने चुनाव आयोग का निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि उसने पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों और छह राज्यों में उपचुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें.मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को घोषणा की कि असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में आने वाले विधानसभा चुनाव एक ही फेज में होंगे, जबकि पश्चिम बंगाल में दो फेज में होंगे।




## सिंदूर पर विवादित पोस्ट लिखने वाले प्रोफेसर महमूदाबाद पर नहीं चलेगा मुकदमा

### -सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। हरियाणा सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद पर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दर्ज क्रिमिनल केस में मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं देने का फैसला किया है।




यह मामला सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने आया. प्रोफेसर की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और एडवोकेट निजाम पाशा पेश हुए। सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सरकार ने एक बार की उदारता दिखाते हुए महमूदाबाद पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने से मना कर दिया है.राजू ने कहा, उन्हें भविष्य में ऐसी कोई भी गतिविधि न करने की चेतावनी दी जा सकती है. उन्होंने इस मामले को बंद कर दिया है, मंजूरी देने से मना कर दिया है. इसलिए, यह चैप्टर बंद हो गया है.बेंच ने राज्य सरकार की इस मामले को बंद करने की तारीफ की. सीजेआई ने कहा, कभी-कभी लाइनों के बीच में लिखने से ज़्यादा दिक्कतें पैदा हो जाती हैंलेकिन कभी-कभी हालात बहुत संवेदनशील होते हैं. हम सभी जिम्मेदार नागरिक हैं और हमेंबेंच ने राजू की यह बात रिकॉर्ड की कि राज्य ने अभियोग पक्ष के लिए कोई मंजूरी नहीं देने का फैसला किया है. बेंच ने मामले का निपटारा करते हुए कहा कि उसे इस बात पर शक करने की कोई वजह नहीं है कि याचिकाकर्ता एक बहुत पढ़े-लिखे प्रोफेसर हैं, और भविष्य में समझदारी से काम लेंगे।

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वाराणसी कोर्ट नहीं पहुंचे, भगवान राम को काल्पनिक बताने पर एमपी/एमएलए कोर्ट ने किया था तलब



वाराणसी,(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को वाराणसी की एमपी/एमएलए कोर्ट में दो मामलों की सुनवाई हुई. कोर्ट ने राहुल गांधी को तलब किया था. लेकिन राहुल गांधी कोर्ट में पेश नहीं हुए. भगवान राम को काल्पनिक बताने के मामले में अपर जिला जज एमपी/एमएलए कोर्ट पंचम ने अब 13 अप्रैल को सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की है. न्यायालय ने लोवर कोर्ट से पत्रावली रिकॉर्ड को तलब किया है।

वहीं सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने सिक्खों को लेकर विवादित बयान दिया था. इस मामले की भी सुनवाई वाराणसी की एसीजेएम एमपी/एमएलए कोर्ट में आज हुई. तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा ने 173/4 का प्रार्थना पत्र दिया था. एमपी/एमएलए कोर्ट के जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में मामले की सुनवाई हुई. जिसमें निचली न्यायालय से पत्रावली तलब कर मामले की अगली सुनवाई के लिये 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है।

राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है. राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे. उन्होंने भगवान राम को पौराणिक बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था. मामले में वकील हरिशंकर पांडेय ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है. राहुल गांधी पिछली तारीख पर भी वाराणसी कोर्ट नहीं पहुंचे थे।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राहुल को अगली तारीख यानी 16 मार्च को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया था. इस बारे में राहुल गांधी को लेकर की गई शिकायत प्रकरण में शिकायतकर्ता वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया कि न्यायालय अपर जिला जज एमपी/एमएलए कोर्ट पंचम ने आज मुकदमा संख्या 486/2025 हरिशंकर पांडेय बनाम राहुल गांधी पर सुनवाई की।

## जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट साइट पर भूस्खलन, एक की मौत, कई घायल

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बीती रात पाकल दुल हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की हेड रेस टनल के अंदर भूस्खलन होने से बड़ा हादसा हो गया. इस दुर्घटना में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया और तीसरा व्यक्ति लापता है.यह घटना जो इस क्षेत्र में भारी बारिश और बर्फबारी के बीच हुई, किश्तवाड़ जिले के डांगडोरो इलाके में घटी. 1000 मेगावाट की यह पनबिजली परियोजना, चिनाब नदी की एक सहायक नदी—मरुसुदर नदी पर—चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही है.सूत्रों के अनुसार भूस्खलन के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई. बचाव दलों ने मलबे से एक व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है, जबकि घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया।

## पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी, हावड़ा समेत 10 स्थानों पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने गैर-कानूनी कॉल सेंटर के मामले में सोमवार को छापेमारी की. अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीमें सिलीगुड़ी, हावड़ा, विधाननगर और दुर्गापुर समेत 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चल रही हैं।

उन्होंने बताया कि जिन लोगों की तलाशी ली जा रही है उनमें सुरश्री कर, सम्राट घोष, सुभाजीत चक्रवर्ती और अन्य लोग शामिल हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि जांच एक अवैध कॉल सेंटर की गतिविधियों से जुड़ी है. यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि जांच किसी जनीतिक फंडिंग या चुनावी प्रक्रिया से जुड़े लालच से जुड़ी है या नहीं. सुरश्री कर, सम्राट घोष और सुभाजीत चक्रवर्ती नाम के लोगों के अलावा कुछ और लोगों की तलाशी ली जा रही है. उन्होंने बताया कि जांच के दायरे में आए कॉल सेंटर के जरिये कई लोगों को ठगा गया है.इ्र चुनाव आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा।





## तीसरा जल गंगा संवर्धन अभियान-2026

# जल है तो कल है का नहीं है कोई विकल्प, बूंद-बूंद बचाने के करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### म.प्र. नदियों का मायका, जल आत्मनिर्भरता से ही बनेगा समृद्ध प्रदेश
### प्रदेश में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं। समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मध्यप्रदेश समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत् चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है।



प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़ियां सिर्फ़ जल के स्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।



मुख्य सचिव अनुराग जैन से मंत्रालय में भारत सरकार के अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय ने सौजन्य भेंट की।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने हुई कार्यशाला



भोपाल (निप्र) वन्य जीव संस्थान देहरादून द्वारा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क कंज़र्वेशन एरिया (जीएचएनपीसीए), साईरोपा कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) में 2 दिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 15-16 मार्च को किया गया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन बोर्ड (एमपीटीबी) द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए तैयार किए जा रहे नामांकन डोजियर की समीक्षा की गई। डोजियर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह पहल सतपुड़ा क्षेत्र की वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करने के साथ-साथ इसके संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और सतत पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करेगी।कार्यशाला में नामांकन डोजियर की प्रगति, आवश्यक दस्तावेज़ीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें वन्य जीव वैज्ञानिकों, विषय-विशेषज्ञों और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को वर्ष 2021 में यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया था। इसे प्राकृतिक मानदंड (vii), (i&) और (&) के अंतर्गत विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है।

## दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास पर मंगलवार को मंथन

भोपाल (निप्र)। केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए-कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास और दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 17 मार्च मंगलवार को भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी।यह कार्यशाला सीएआरए के दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2025-26 की थीम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) के गैर-संस्थागत पुनर्वास को बढ़ावा देना के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को संस्थागत देखभाल के बजाय पारिवारिक वातावरण, स्नेह, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल करना है।

# नापतौल विभाग के कार्यालय को साइनाइड गैस से उड़ाने की धमकी





भोपाल(ए.)। राजधानी में पीपुल्स विश्वविद्यालय और एम्स हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब अज्ञात आरोपी द्वारा एमपी नगर में स्थित नापतौल विभाग के कार्यालय को साइनाइड गैस से उड़ाने की धमकी दिये देने का मामला सामने आया है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विभाग में अफरा-तफरी मच गई। और कर्मचारी कार्यालय छोड़कर बाहर बैठे नजर आए। सूचना मिलने पर पहुचीं बम डिस्पोजल स्कॉड सहित पुलिस की टीम ने मौके पर सर्चिंग की। लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब नौ बजे ई-मेल के माध्यम से धमकी मिली थी। जिसमें बताया गया था कि नापतौल विभाग भोपाल में साइनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रख दिए गए हैं। दोपहर एक बजे वह फटेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ बस स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंच गई थी। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। हालांकि सर्चिंग में धमकी झूठी पाई गई। क्योंकि मौके पर किसी तरह के कोई सिलेंडर नहीं मिले। गौरतलब है कि इससे पहले पीपुल्स विश्वविद्यालय और एम्स को भी बम से उड़ाने के धमकी भरे मेल मिले थे, लेकिन बाद में वह सूचना भी गलत निकली थी। उन दोनो धमकी भरे मामलो की जॉच जारी है, हालांकि अब तक पुलिस ई-मेल करने वाले अज्ञात आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। फिलहाल पुलिस नापतौल विभाग को उड़ाने की धमकी दिये जाने के मामले की जांच में जुटी है।

# विद्यार्थी को राष्ट्र निर्माण की गतिविधि से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाता है एनएसएस : एसीएस, उच्च शिक्षा श्री राजन

## एसीएस श्री राजन ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन 2026 का किया शुभारंभ

भोपाल (निप्र)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन 2026 का भोपाल में आयोजन किया जा रहा है। दो दिन 16 एवं 17 मार्च 2026 तक चलने वाले इस सम्मेलन का सोमवार को अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन द्वारा शुभारंभ किया गया। सम्मेलन विकसित भारत के पुनरुत्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसीएस अनुपम राजन ने कहा कि



राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधि में जुड़ना एक विद्यार्थी के लिए सौभाग्य का अवसर होता है। यह विद्यार्थी को राष्ट्र निर्माण की गतिविधि से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाता है।

श्री राजन ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम में सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार श्रोती, डॉ. राजकुमार वर्मा, समन्वयक डॉ. शेखर, शासकीय माधव महाविद्यालय ग्वालियर के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा, सुधाकर कुशवाह, नई दिल्ली, एसडीएम शैलेंद्र सिंह, सतना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी, प्राचार्य, जिला संगठक, कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। दो दिवसीय इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे माय भारत पोर्टल, विकसित भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां आदि पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जा रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को जिले में प्रभावी और परिणाममुखी बनाएं : कलेक्टर श्री सिंह






भोपाल(ए.)। जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में 19 मार्च से शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाया जाए। अभियान के अंतर्गत पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के साथ-साथ रिचार्ज पिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही जिले की जीवन दायिनी नदियों बाह्य, कोलांस सहित अन्य बडे जल स्त्रोतों के जल संरक्षण के लिए संवर्धन एवं जीर्णोद्धार की विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। यह निर्देश कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारियों को दिए।

# एयरफोर्स के रिटायर्ड कैप्टन को लुटेरो ने बनाया शिकार

### कार में सामान रखते समय मोबाइल झपट कर हुए फरार



भोपाल(ए.)। नये शहर के शाहपुरा थाना इलाके में बैखौफ बदमाशों ने एयरफोर्स के रिटायर्ड कैप्टन को अपना निशाना बनाते हुए उसके हाथ से मोबाइल फोन झपटा और तेजी से चपंत हो गए। घटना के समय फरियादी खरीददारी के बाद सामान कार में रख रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर प्रसाद दुबे (57) ने अपनी शिकायत में बताया की वह आकृति ईको सिटी में रहते हैं और वायुसेना से रिटायर्ड कैप्टन हैं। रविवार की रात करीब नौ बजे वह खरीददारी करने के लिए रोहित नगर मार्केट गए थे। यहां दुकान से सामान खरीदने के बाद वह सामान लेकर वापस कार के पास पहुचें और सामान को कार रखने लगे। तभी एक बदमाश दबे पॉच उनके पीछे की और से आया और उनके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला। बाद में वे थाने पहुंचे जहॉ उनकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी की पहचान जुटाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## केमिस्ट की संदिग्ध हालात में मौत,घर में मिली लाश

### 1 साल से बेटो को लेकर अलग रह रही है पत्नि, परिजनो ने जताई अनहोनी की आंशका

भोपाल(ए)। शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाले एक केमिस्ट की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आई है। उनकी लाश सोमवार अलसुबह उनके घर में मिली। शव की हालत को देखते हुए मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं आगे की जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गेहूंखेड़ा में स्थित मकान में अकेले रहने वाले पदम सोलंकी (42) पिता रमेशचंद सोलंकी अरेरा कॉलोनी के एक अस्पताल के मेडिकल स्टोर में काम करते थे। उनके परिवार में पत्नि सहित दो बेटे है, बताया गया है की पारिवारिक कारणो के चलते बेटे और पत्नी बीते करीब एक साल से उनसे अलग रह रहे हैं। इस बात को लेकर पदम काफी मानसिक तनाव में आकर अधिक शराब पीने लगे थे। उनके भतीजे महेंद्र का आरोप है, कि अकेले रहने वाले उनके चाचा पदम के शरीर पर चोटों के निशान नजर आये हैं। उनके सिर में भी चोट के निशान के साथ ही हाथ पर जलने जैसे फफोले पड़ गए हैं। पीठ में भी नील के निशान मिले हैं। जिससे आंशका है की उनके साथ कोई अनहोनी हुई है। परिजनो ने उनकी हत्या की आशंका जताई है। उसका यह भी कहना है कि चाचा-चाची के बीच आए दिन विवाद होते थे। चाची एक अन्य युवक के बहकावे में आने के बाद अलग रहने लगी और बच्चों को भी अपने साथ ले गई हैं। जॉच कर रही पुलिस टीम का कहना है, कि फूल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की जॉच की दिशा तय की जायेगी।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए : विधायक श्री सबनानी

### पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में 'क्षेत्रीय दलों की भूमिका और राष्ट्रीय एकता' पर वैचारिक मंथन





भोपाल( संदीप पंडा) दक्षिण पश्चिम भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है? विषय पर विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यापीठ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। विधायक श्री सबनानी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के सजग प्रहरी बनने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक विमर्श में प्रदेश के 17 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 33 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने सारगर्भित तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ. अखिलेश शर्मा और सेवानिवृत्त अपर सचिव पुनीत श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे सम्मिलित रहे। विद्यापीठ के उप संचालक एम.के. राजोरिया ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

**पक्ष में निम्न सहभागियों ने जीते पुरस्कार**

विषय के पक्ष में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की छात्रा सुश्री अनियरा शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 9,000 रुपये की पुरस्कार राशि अर्जित की। इसी क्रम में, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल की सुश्री रौनक पांचाल (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए 7,500 रुपये का पुरस्कार जीता, जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी, भोपाल की सुश्री ईशा मिश्रा (बी.बी.ए. अंतिम वर्ष) को तृतीय स्थान के साथ 6,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की सुश्री प्रिंसी पहलवानी (बी.कॉम. चतुर्थ वर्ष) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3,000 रुपये के प्रोत्साहन पुरस्कार से विभूषित किया गया। विषय के विपक्ष में बी.एस.एस.एस. कॉलेज, भोपाल की सुश्री विधि शुक्ला (बी.ए. छठा सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान के साथ 9,000 रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। सेज यूनिवर्सिटी की सुश्री आयोली बाजपेयी (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7,500 रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी की सुश्री मेघा नाथानी (बी.बी.ए. अंतिम वर्ष) ने प्राप्त किया, जिन्हें 6,000 रुपये प्रदान किए गए। साथ ही, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कार्तिका यादव (बी.ए. तृतीय वर्ष) को 3,000 रुपये के प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

# ईद की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार



बुरहानपुर (ए.)। ईद का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गई है। शहर हो या कस्बा, हर जगह बाजारों में भारी भीड़ देखझने को मिल रही है। लोग पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी जरूरत की चीजों की खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। कपड़ों की दुकानों से लेकर जूते चप्पलों, मोज़े टोपी, चड्डी और बनियान की दुकानों तक ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। ईद का त्योहार खुशियों और आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। इस खास मौके पर लोग नए कपड़े पहनने की परंपरा निभाते हैं। इसी कारण बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी में खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं जहां नए डिजाइन के सूट, साड़ी और दुपट्टों की खरीदारी कर रही हैं, वहीं पुरुष कुर्ता-पायजामा, पठानी सूट और टोपी खरीदते नजर आ रहे हैं। बच्चों के लिए भी रंग-बिरंगे और आकर्षक कपड़ों की भरमार बाजार में मौजूद है। बाजार में नए जमाने की फैशन का खास प्रभाव दिखाई दे रहा है। चमकीले, भड़कीले और आधुनिक डिजाइन के कपड़ों से दुकानें सजी हुई हैं। दुकानदार भी ग्राहकों की पसंद और फैशन के बदलते रुझानों को ध्यान में रखते हुए तरह-तरह के नए डिजाइन और स्टाइल बाजार में ला रहे हैं। कुछ दुकानों पर आकर्षक छूट और ऑफर भी दिए जा रहे हैं, जिससे ग्राहक ज्यादा संख्या में खरीदारी कर रहे हैं। त्योहार की रौनक का असर मिठाई और सेवइयों की दुकानों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। लोग कपड़ों के साथ-साथ मिठाइयों और अन्य जरूरी सामान की भी खरीदारी कर रहे हैं। कुल मिलाकर ईद के आगमन ने बाजारों में नई जान फूंक दी है। हर तरफ उत्साह, उमंग और खुशी का माहौल नजर आ रहा है, जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि ईद का त्योहार लोगों के लिए क्ष4सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक खुशी का भी अवसर है।

# छिंदवाड़ाः रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक समेत 3 युवकों की मौत

छिंदवाड़ा,(ए.)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। दमुआ थाना क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित झिरी घाट के खतरनाक मोड़ पर रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक सहित तीनों लोग रेत और वाहन के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। रेत से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली रामपुर की ओर से वाशरी की दिशा में जा रही थी। झिरी घाट के ढलान और तीखे मोड़ पर चालक वाहन से संतुलन खो बैठा, जिसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। भारी ट्रॉली और उसमें भरी रेत के नीचे दबने से तीनों सवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलते ही दमुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया और उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक रंजू उइके (23) पुत्र सामा उइके निवासी ब्रजपुरा, मोहन वट्टी (26) पुत्र इतरलाल वट्टी और उमेश धुर्वे (23) पुत्र अंजन सिंह धुर्वे निवासी सेमरकुही के रूप में की है।



# सीधी में लोकायुक्त की कार्रवाई, रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार



सीधी, (ए.)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस की टीम ने हल्का मिर्चीवार में पदस्थ पटवारी मुनेन्द्र सिंह भदौरिया को सोमवार सुबह 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।बताया जा रहा है कि आरोपी पटवारी जमीन से जुड़े तीन मामलों के निपटारे के लिए कुल 50 हजार की रिश्वत मांग रहा था।जानकारी के अनुसार झगरहा निवासी शिकायतकर्ता मुनेश्वर प्रसाद सोनी ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी शीला सोनी के नाम दर्ज जमीन के इतलाबी कार्य और उनकी माता के निधन के बाद वारिसाना दर्ज कराने सहित तीन राजस्व मामलों के निपटारे के लिए पटवारी मुनेन्द्र सिंह भदौरिया उनसे 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था।शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी पटवारी 11 मार्च को पहले ही 25 हजार रूपये ले चुका था और शेष राशि के लिए लगातार दबाव बना रहा था। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने मामले की गोपनीय जांच कराई, जिसमें रिश्वत मांगने के आरोप सही पाए गए।इसके बाद उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे शिकायतकर्ता को सीधी शहर के जिला अस्पताल के पास स्थित पटवारी के आवास पर 5 हजार रुपये की रिश्वत देने भेजा गया।

# जोमैटो बगैर रजिस्ट्रेशन नंबर की सड़कों पर सरपट दौड़ा कर ब्लैकमेल कर रहे बाइकर्स

खरगोन (ए.)। नगर में बुलेट बाइक पर मॉडिफाइड बाइक पटाखे जैसी आवाजो पर प्रतिबंध कार्यवाही के बाद अब जोमैटो सेवा 10 मिनट में खाना डिलीवर करने का दावा करने के कारण तेज रफ्तार यह बाइकर्स न केवल दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं बल्कि जोमैटो के नाम पर बगैर रजिस्ट्रेशन नंबर की वाहनों को सरपंच दौड़ा कर लोगों को ब्लैकमेलिंग करने का कार्य भी कर रहे है राधा वल्लभ की दुकान व्यसायी गुलाम मोहम्मद ने बताया कि खरगोन के राधा वल्लभ मार्केट की कई प्रतिष्ठानों पर खाना ऑर्डर के नाम पर जो मोटरबाइक द्वारा तेज रफ्तार से दिन भर बाइकों को दौड़ाया जाते हैं इससे पूर्व भी जोमोटो बाईकर्स द्वारा तेज रफ्तार बगैर रजिस्ट्रेशन बाइक चलाने के कारण कई दुर्घटनाओं को अंजाम दे कर ब्लैकमेलिंग कर चुके हैं नगर के राधावल्लभ स्थित दोपहर 2:00 बजे के लगभग जोमैटो के ब्लैक कलर की पल्सर बाईकर्स चालक द्वारा पल्सर बाईक के चारों ओर लगेज माल वाहन पर अवैध रूप से लगेज रखकर बगै़र रजिस्ट्रेशन की गाड़ी से अनबैलेंस होकर कार के सामने गिर गए कार चालक द्वारा इंसानियत के चलते उसका हाल चाल लिया किंतुर बाइक सवार तुरंत उठने के बाद बाइकर्स ने अपनी बाइक और खाने का फुड चेक् किया खुद के शरीर पर और बाइक सहित खाने के ऑडर का नुकसान नही होने के कारण खुद से गलती होने पर चुप चाप वहा से चला गया बाद में कार चालक को रुपये की मांग कर ब्लैकमेलिंग कर धमकी दे डाली जिसकी शिकायत कार मालिक द्वारा थाने पर लिखित में की गई है।



# गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्याऊ स्थापित किए जाएं

**कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश**

ग्वालियर (ए.)। जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए एक अप्रैल से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आम नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिये प्याऊ लगाने का कार्य किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ स्थापित करने में नागरिकों एवं संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार 16 मार्च को अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीएम हैल्पलाइन, जन-सुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर  कुमार सत्यम, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि ग्वालियर जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए आम नागरिकों को पेयजल की सुगम उपलब्धता के लिये शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ स्थापित किए जाएं।

# जैविक हाट में लोगों ने की पसंद के उत्पादों की खरीदारी.



जबलपुर (ए.)। जैविक खेती कर रहे किसानों के उत्पादों के विक्रय के लिये इस रविवार को भी कृषि उपज मंडी जैविक हाट लगाया गया। जैविक हाट में किसानों द्वारा जैविक तरीके से उत्पादित अनाज, दालें, सब्जियाँ, मसाले एवं अन्य कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया तथा बड़ी संख्या में लोगों ने यहाँ पहुँचकर पसंद के उत्पादों की खरीदारी की। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा लगाये गये जैविक हाट में कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को जैविक खेती की उन्नत तकनीकों, जैविक खाद के उपयोग तथा जैविक प्रमाणन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों को अधिक से अधिक क्षेत्र में जैविक खेती अपनाने की अपील की जिससे मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि हो तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने जैविक उत्पादों के महत्व को समझते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती प्रतिभा गौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में किसान, उपभोक्ता प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे।

## व्यापार समाचार

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता तेजी से आगे बढ़ रहा, जल्द लागू होने की उम्मीद : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जल्द लागू हो सकता है। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में इस समझौते को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह ब्रिटेन की संसद द्वारा सबसे तेजी से मंजूर किए जाने वाले व्यापार समझौतों में से एक बन सकता है।

उन्होंने बताया कि यह समझौता 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान चेकर्स में हस्ताक्षरित किया गया था। गोयल ने उम्मीद जताई कि यह समझौता जल्द ही लागू हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते की तेजी से प्रगति दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग और लंदन में भारतीय राजनयिक टीम के प्रयासों को दर्शाती है।



मंत्री ने अपने संबोधन में भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते के महत्व पर भी जोर दिया और इसे यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

उन्होंने कहा कि इस समझौते ने यूरोपीय क्षेत्र के साथ गहरे आर्थिक संबंधों की शुरुआत की और आगे अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला।

गोयल ने बताया कि ईएफटीए समझौते के बाद भारत ने ब्रिटेन के साथ भी व्यापार समझौता किया और बाद में 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी समझौते पर सहमति बनी।

उन्होंने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत-ईयू समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया था।मंत्री ने ईएफटीए समझौते के तहत मिलने वाले निवेश पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ईएफटीए के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, लिकटेंस्टाइन और आइसलैंड) ने इस समझौते के तहत भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।गोयल ने बताया कि इस निवेश से भारत की अर्थव्यवस्था में करीब 10 लाख नए रोजगार पैदा होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि यह समझौता खास इसलिए है क्योंकि इसमें मुक्त व्यापार समझौते के साथ कानूनी रूप से बाध्यकारी निवेश प्रतिबद्धता भी शामिल है, जो वैश्विक व्यापार समझौतों में पहले शायद ही देखने को मिली हो।

### एनएमडीसी ने रचा इतिहास, एक वित्त वर्ष में 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क (आयरन ओर) उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के खत्म होने से पहले ही 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही एनएमडीसी एक ही वित्त वर्ष में 50 मिलियन टन उत्पादन करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बन गई है। सरकारी बयान के अनुसार, यह उपलब्धि न सिर्फ कंपनी की उत्पादन क्षमता को दर्शाती है, बल्कि भारत की आयरन ओर सप्लाई चेन में एनएमडीसी की मजबूत भूमिका को भी दिखाती है।

एनएमडीसी की स्थापना 1958 में भारत के लौह अयस्क संसाधनों के विकास के उद्देश्य से की गई थी। इस सरकारी कंपनी को इस्पात मंत्रालय के तहत 'नवरत्न सीपीएसई' का दर्जा प्राप्त है।कंपनी ने 1978 में लगभग 10 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया था। लेकिन, पिछले कई दशकों में उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है।

# सोने के भाव में 1,119 रुपए की गिरावट, चांदी भी फिसली

**– सोना 1.56 लाख और चांदी की कीमत लगभग 2.55 लाख रुपए**



नई दिल्ली (ए.)। कीमती धातुओं के वायदा बाजार में इस सप्ताह सुस्ती का माहौल देखने को मिल रहा है। सोमवार को घरेलू बाजार में सोना और चांदी दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव करीब 1,56,840 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि चांदी का वायदा भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलो के आसपास कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों धातुओं में नरमी का रुख बना हुआ है, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट सोमवार को 1,119 रुपये की गिरावट के साथ 1,57,347 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 1,58,466 रुपये था। शुरुआती कारोबार में सोने के भाव में और कमजोरी आई और यह 1,626 रुपये की गिरावट के साथ 1,56,840 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान इस कॉन्ट्रैक्ट ने 1,57,347 रुपये का उच्च स्तर और 1,56,829 रुपये का निचला स्तर छुआ।

# हम हर प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के लिए 6 महीने बाद निवेशकों से फिर मिलेंगे : भगवंत सिंह मान

मोहाली (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज एस.ए.एस. नगर (मोहाली) में तीन-दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के अंतिम दिन उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए उद्योग के लिए सरकार की ओर से पूरा सहयोग और रियायतों का भरोसा दिया। वैश्विक और राष्ट्रीय निवेशकों की मजबूत साझेदारी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस सम्मेलन ने औद्योगिक विकास के लिए ऐसा माहौल बनाया है, जो राज्य की आर्थिक तरक्की को और रफ्तार देगा। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार सम्मेलन के दौरान दिए गए निवेश प्रस्तावों और प्रोजेक्टों की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए छह महीने बाद समीक्षा सत्र करेगी।

प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन वाले दिन कारोबारी दिग्गजों के साथ विचार-विमर्श के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस सम्मेलन में शामिल होने और राज्य की आर्थिक तरक्की में सक्रिय साझेदार बनने के लिए यहां आए सम्मानित व्यक्तित्वों के समर्पण को बयान करने के लिए मेरे पास शब्द भी कम पड़ जाएंगे। दुनिया भर के अग्रणी औद्योगिक नेता इस ऐतिहासिक और प्रगतिशील सम्मेलन में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी और सूझवान नेता वही होता है जो हर तरह के माहौल और चुनौतियों के लिए अपनी टीम को तैयार रखे, और राज्य सरकार इसी तर्ज पर काम कर रही है। राज्य के लोगों के जुनून और जज्बे के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी हमेशा सूझवान नेता के रूप में विचरते हैं और हम देश और इसके लोगों के लिए कुछ भी कर सकते हैं क्योंकि देश हमारे लिए सबसे आगे है।

# बाजार में उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं, धैर्य रखें रिटेल निवेशक : सेबी प्रमुख

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत के पूंजी बाजार लगातार मजबूत और व्यापक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए सेबी प्रमुख ने रिटेल निवेशकों को सलाह दी कि वे बाजार के अल्पकालिक उतार-चढ़ाव पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने कहा, रिटेल निवेशकों के लिए सबसे बेहतर रणनीति धैर्य बनाए रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐतिहासिक रूप से, बड़े वैश्विक संकटों के बाद बाजार में फिर से सुधार देखने को मिलता है।उन्होंने बताया कि भारत के पूंजी बाजार आकार, विविधता और मजबूती के मामले में तेजी से बढ़ रहे हैं। पांडे ने कहा, हमारे बाजार लगातार गहरे और विविध हो रहे हैं और उनकी मजबूती भी बढ़ रही है, लेकिन जैसे-जैसे बाजार का आकार और जटिलता बढ़ती है, वैसे-वैसे वे वैश्विक घटनाओं से भी अधिक प्रभावित होने लगते हैं।वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, तकनीकी बदलाव और ऊर्जा संकट अनिश्चितता में योगदान दे रहे हैं।

# भारत का मोबाइल फोन निर्यात बीते एक दशक में 127 गुना बढ़ा : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत का मोबाइल फोन का निर्यात बीते एक दशक में 127 गुना से अधिक बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 0.01 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी बुधवार को सरकार द्वारा संसद में दी गई। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोबाइल फोन के निर्यात में तेज बढ़ोतरी की वजह सरकार द्वारा 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों की मदद से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस करना है।

इन नीतियों का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लिए एक संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम का निर्माण करना है। सरकार के अनुसार, भारत पिछले 11 वर्षों में मोबाइल फोन का शुद्ध आयातक होने से शुद्ध निर्यातक बन गया है। उन्होंने कहा, देश अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग



सेंटर है। इसी अवधि के दौरान, भारत में इलेक्ट्रॉनिक सामानों का कुल उत्पादन लगभग छह गुना बढ़कर 2014-15 में लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए से 2024-25 में लगभग 11.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी लगभग आठ गुना बढ़कर 0.38 लाख करोड़ रुपए से लगभग 3.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वैष्णव ने कहा कि भारत ने इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग की शुरुआत तैयार उत्पादों के प्रोडक्शन से की थी, और अब ध्यान मॉड्यूल, सब-मॉड्यूल, घटकों और यहां तक कि मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया में उपयोग होने वाले कच्चे माल, औजारों और मशीनरी के विकास पर केंद्रित हो गया है।

सरकार ने घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई), इलेक्ट्रॉनिक घटकों और अर्धचालकों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर योजना शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना के तहत, तीन स्वीकृत आवेदकों ने महाराष्ट्र राज्य में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की हैं, और ये सभी लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हैं। साथ ही बताया कि वैश्विक कंपनियों ने भी भारत में लैपटॉप और सर्वर जैसे उत्पादों का निर्माण शुरू कर दिया है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल

भारत के अतिथि जहाज को भारतीय जल क्षेत्र के करीब डुबो देना भारत की प्रतिष्ठा के प्रति अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति अवश्य दर्ज करानी चाहिए।

ईरान पर अमेरिका- इजराइल के हमले से पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध की आंच बुधवार को भारत तक पहुंच गई, जब भारतीय जलसीमा के करीब ईरान के जहाज इरिस देना को अमेरिका ने डुबो दिया। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीटर हेगसेट ने इसे अपने देश की एक बड़ी सैन्य सफलता के रूप में पेश कर इस बारे में कोई भ्रम नहीं रहने दिया कि ये कार्रवाई योजनाबद्ध ढंग से की गई। अमेरिका ने ऐसा करने को सोचा, यह भारत के प्रति उसके तौहीनी नजरिए का परिचायक है। आखिर वो जहाज भारतीय नौसेना के अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा कार्यक्रम- मिलन- में भाग लेने भारत के आमंत्रण पर आया था। विशाखपत्तमन में इस कार्यक्रम में भाग लेकर वह लौट रहा था।ईरान ने कहा है कि चूंकि जहाज युद्ध से बाहर के क्षेत्र से गुजर रहा था, अत: उसकी हथियार प्रणालियों को सुरक्षित एवं निष्क्रिय मोड में रखा गया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है- 'हम मान कर चल रहे थे कि हम दोस्ताना जल क्षेत्र में हैं, अत: जहाज पर सवार अधिकांश लोग समारोहों में भाग लेने वाले गैर लड़ाकू कर्मचारी थे।' डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ऐसे जहाज पर हमला करने को सोचा, यह तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मर्यादाओं को ठेंका दिखाने के उसके नजरिए मेल खाता है। मगर ऐसा भारत के अतिथि जहाज के साथ भारतीय जल क्षेत्र के करीब करना भारत की चिंताओं के प्रति उसकी असंवेदनशीलता की भी मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। दुनिया में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने की सबसे पहली शर्त खुद अपनी प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहना होता है। वेनेजुएला और ईरान के मामलों में अंतरराष्ट्रीय नियमों के पक्ष में आवाज ना उठा कर भारत ने पहले ही अपनी अंतरराष्ट्रीय हैसियत की अनदेखी की है। मगर अब बात सैद्धांतिक रुख तय करने की नहीं, बल्कि अपने मामले में बोलने की है। कम-से-कम यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि अमेरिका अपने युद्ध की आंच हम तक पहुंचाए। भारत के क्षितिज पर वैसे ही अमेरिकी युद्ध के आर्थिक दुष्परिणामों का अंदेशा सघन होता जा रहा है।

# खाड़ी संकट, तेल आपूर्ति और रेमिटेंस: भारत के सामने उभरता बहुआयामी खतरा

– भूपेन्द्र गुप्ता

पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) में बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चिंतित कर दिया है। विशेष रूप से जलडमरू मध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। ये दोनों मार्ग वैश्विक ऊर्जा और व्यापार की जीवनरेखा माने जाते हैं। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर है और जिसके लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं, इस संकट से सीधे और परोक्ष—दोनों तरह से प्रभावित हो सकता है। सबसे पहला और सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति से जुड़ा है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र जैसे सऊदी अरब,ईराक,यूएई, और कुवैत से आता है।

इन देशों से आने वाला अधिकांश तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है या जहाजों की आवाजाही सीमित होती है, तो वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महँगा होने का सीधा असर भारत में पेट्रोल-डीजल, परिवहन लागत, बिजली उत्पादन और अंतत: खाद्य वस्तुओं तक पर पड़ता है। परिणामस्वरूप महँगाई बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति धीमी हो सकती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव समुद्री व्यापार और शिपिंग लागत पर पड़ता है। युद्ध या हमले की आशंका बढ़ने पर जहाज कंपनियाँ अतिरिक्त वॉर-रिस्क इंश्योरेंस लेती हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ जाती है। कई बार जहाज जोखिम वाले मार्गों से बचकर लंबा रास्ता अपनाते हैं, जैसे लाल सागर से होकर आने के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप आफ गुड होप से घूमकर आना। इससे यात्रा समय 10 15 दिन तक बढ़ सकता है और माल ढुलाई महँगी हो जाती है। इसका असर आयातित वस्तुओं—जैसे उर्वरक, खाद्य तेल, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स—की कीमतों पर पड़ता है, जो घरेलू बाजार में महँगाई को और बढ़ा सकता है।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू गैस आपूर्ति का है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, विशेष रूप से कतर से तरलीकृत प्राकृतिक गैस एलएनजी। यदि समुद्री मार्ग असुरक्षित हो जाते



हैं, तो गैस की आपूर्ति बाधित हो सकती है या महँगी हो सकती है। इससे बिजली उत्पादन, उर्वरक उद्योग और शहरी गैस वितरण पर प्रभाव पड़ेगा, जिसका व्यापक असर उद्योग और कृषि दोनों पर पड़ सकता है।

चौथा और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा) का है। खाड़ी देशों में लगभग 80 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, विशेषकर यूएई, सऊदी अरब,कतर,और कुवैत में। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, जो देश के विदेशी मुद्रा भंडार और लाखों परिवारों की आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि क्षेत्र में युद्ध या आर्थिक मंदी आती है, तो निर्माण, तेल और सेवा क्षेत्रों में रोजगार घट सकता है, वेतन कम हो सकता है या भारतीयों की बड़े पैमाने पर वापसी हो सकती है। इससे रेमिटेंस घटेगा और उन राज्यों की अर्थव्यवस्था पर विशेष असर पड़ेगा जहाँ प्रवासी आय का बड़ा हिस्सा आता है।

हालाँकि भारत पूरी तरह असहाय नहीं है। देश ने जो रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए हैं वे सीमित हैं,और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश रूस,ब्राजील और यूएस जैसे देशों से आयात बढाकर की जानी चाहिए।इसके अलावा भारतीय नेवी समुद्री क्षेत्र में सक्रिय निगरानी और भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए तैनात रहती है। भारत की विदेश नीति भी सभी प्रमुख देशों से संबंध बनाए रखने की कोशिश करती है ताकि संकट की स्थिति में आपूर्ति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## जीवन के पन्ने पलटने प्रेरित करती 'जब खुली किताब'

पंकज दुबे

पंकज कपूर का किरदार इस कहानी का भावनात्मक केंद्र है। उनका चरित्र एक ऐसे व्यक्ति का है, जो जीवन भर अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जीता रहा है। उसके व्यक्तित्व में एक गहरी चुप्पी है।.. डिंपल कपाड़िया का किरदार इस कहानी में स्मृतियों और भावनाओं की एक महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभरता है। उनके और पंकज कपूर के बीच जो संवाद और मौन के क्षण हैं, वही इस फ़िल्म की आत्मा बन जाते हैं।

सिने-सोहबत

मौजूदा दौर में जब अधिकांश हिंदी फिल्में तेज़ रफ्तार मनोरंजन, एक्शन और सतही रोमांस के ईर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती हैं, ऐसे में कुछ फ़िल्में ऐसी भी आती हैं, जो दर्शकों को ठहर कर सोचने पर मजबूर करती हैं। लेखक-निर्देशक सौरभ शुक्ला की फ़िल्म जब खुली किताब ऐसी ही एक संवेदनशील और आत्ममंथन कराने वाली फिल्म है। यह फ़िल्म किसी बड़े नाटकीय घटनाक्रम या बाहरी शोर-शराबे पर निर्भर नहीं करती, बल्कि मनुष्य के भीतर चलने वाले संवादों, रिश्तों के अनकहे दर्द और समय की परतों में दबे सच को धीरे-धीरे खोलती है, बिलकुल एक पुरानी किताब की तरह, जो वर्षों बाद खुलने पर अपनी महक और स्मृतियों से हमें भर देती है।

फ़िल्म का शीर्षक ही अपने आप में एक रूपक है, किताब, जो खुलने पर सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि जीवन के छिपे अध्याय सामने ले आती है। सौरभ शुक्ला ने इस विचार को बेहद सूक्ष्म और संवेदनशील तरीके से पर्दे पर उतारा है।

फ़िल्म की कहानी मूलत: कुछ ऐसे लोगों के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में कई अनकहे सच और अधूरे संवाद छिपे हुए हैं। उम्र के एक ऐसे पड़ाव पर पहुंचकर, जब इंसान पीछे मुड़ कर अपने जीवन को देखने लगता है, तब उन्हें अहसास होता है कि कई बातें कहे बिना रह गईं, कई रिश्ते समझे बिना ही टूट गए और कई फैसलों की वजहें कभी खुलकर सामने नहीं आईं।

पंकज कपूर का किरदार इस कहानी का भावनात्मक केंद्र है। उनका चरित्र एक ऐसे व्यक्ति का है, जो जीवन भर अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जीता रहा है। उसके व्यक्तित्व में एक गहरी चुप्पी है। एक ऐसी चुप्पी, जो केवल शब्दों की कमी नहीं, बल्कि भावनाओं का बोझ है। समय के साथ जब परिस्थितियां बदलती हैं और लोग आमने-सामने बैठ कर अपने जीवन के पन्ने पलटते हैं, तब यह चुप्पी धीरे-धीरे खुलने लगती है।

डिंपल कपाड़िया का किरदार इस कहानी में स्मृतियों और भावनाओं की एक महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभरता है। उनके चेहरे पर समय की परिपक्वता और जीवन के अनुभवों की झलक दिखाई देती है। उनके और पंकज कपूर के बीच जो संवाद और मौन के क्षण हैं, वही इस फ़िल्म की आत्मा बन जाते हैं।

फ़िल्म में अपारशक्ति खुराना और समीर सोनी जैसे कलाकार भी हैं, जो नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद की खाई को दर्शाते हैं। यह पीढ़ियों के बीच का वह अंतर है जहां एक तरफ अनुभवों की विरासत है और दूसरी तरफ बदलते समय की बेचैनी।

सौरभ शुक्ला के निर्देशन में सादगी में गहराई साफ़ दिखती है। सौरभ हिंदी सिनेमा में एक ऐसे कलाकार हैं, जिनकी पहचान बहुआयामी है। वे अभिनेता भी हैं, लेखक भी और निर्देशक भी। 'जब खुली किताब' में उनका लेखक और निर्देशक दोनों रूप बेहद परिपक्व दिखाई देता है। उन्होंने इस फ़िल्म को किसी बड़े सिनेमाई तमाशे की तरह नहीं रचा, बल्कि एक अंतरंग नाटक की तरह गढ़ा है। फ़िल्म का ट्रीटमेंट बेहद संयमित है। संवादों में शोर नहीं है, बल्कि एक गहरी संवेदना है। कई जगहों पर सौरभ शुक्ला संवादों की बजाय मौन का इस्तेमाल करते हैं और यही मौन दर्शक को पात्रों के मन के भीतर झांकने का मौका देता है।

दरअसल, पहले 'जब खुली किताब' एक नाटक के रूप में बनाया गया गया था, जिसमे मुख्य भूमिका में भी सौरभ ने खुद ही काम किया था। यह फ़िल्म हमें याद दिलाती है कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को समझने का भी एक जरिया हो सकता है।

इस फ़िल्म की एक बड़ी ताकत इसके कलाकार हैं। पंकज कपूर हिंदी सिनेमा और रंगमंच के उन दुर्लभ अभिनेताओं में से हैं, जो चरित्र को जीवित कर देते हैं। इस फ़िल्म में उनका अभिनय अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। वे अपने चेहरे के भाव, आंखों की नमी और आवाज़ के उतार-चढ़ाव से एक ऐसे व्यक्ति की मन: स्थिति को दर्शाते हैं, जो वर्षों से अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जी रहा है। डिंपल कपाड़िया का अभिनय भी बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने अपने किरदार में गरिमा और संवेदनशीलता का सुंदर संतुलन बनाया है।

## कठपुतली कला से लोगों को जागरुक कर रहे हैं सुनील सरला


कुमार कृष्णन

कभी मनोरंजन का सशक्त माध्यम रहीं कठपुतलियां जागरूकता का काम भी कर रही हैं। कठपुतलियों के जरिए सामाजिक मुद्दों को रोचक तरीके से भी उठाया जा रहा। वहीं, कठपुतलियां सुशिक्षित और स्वस्थ समाज का भी बुलंद संदेश दे रहीं। इतिहास में दर्ज नामों की प्रेरक कहानियों को कठपुतलियों के जरिए जन-जन तक पहुंचाने के भी प्रयास हो रहे हैं। 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाया जाता है। कठपुतलियों के खेल मेलों से लेकर गांव-मोहल्लों में अक्सर देखने को मिलते थे, जो बेहद मनोरंजक हुआ करते थे। लेकिन पहले टीवी और फिर इंटरनेट युग ने समय के साथ इन कठपुतलियों को बच्चों से दूर कर दिया। संस्कृति की डोर से बंधी कठपुतली कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि परंपराओं और लोककथाओं की एक जीवंत कहानी है। यह कला हमें अतीत से जोड़ती है और समाज को शिक्षाप्रद संदेश भी देती है। कठपुतली के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में महाकवि पाणिनी के अष्टाध्याई ग्रंथ में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। साथ ही सिंहासन बत्तीसी नामक कथा में भी 32 पुतलियों का उल्लेख है। पुतली कला की प्राचीनता के संबंध में तमिल ग्रंथ च्शिल्पादिकारम्ज् से भी जानकारी मिलती है।

पुतली कला कई कलाओं जैसे लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि का मिश्रण है। अब कठपुतली का उपयोग मात्र मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि शिक्षा कार्यक्रमों, रिसर्च कार्यक्रमों, विज्ञापनों आदि अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। साथ ही साथ यह बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमखी विकास में सहायक होता है। बता दें कि, भारत में सभी प्रकार की पुतलियां पाई जाती हैं, जैसे धागा पुतली, छाया पुतली, छड़ पुतली, दस्ताना पुतली आदि।

कठपुतली कला को चंद कलाकार अब भी जीवंत बनाए हुए हैं, उनमें से एक हैं बिहार के मुजफ्फरपुर के सुनील सरला।

कठपुतली से शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता करते सुनील बच्चों के साथ साथ देश समाज में बो रहे हैं कला का संस्कार। कठपुतली जब जल जीवन हरियाली की बात करें तो शहरी लोगों के साथ साथ ग्रामीण लोग भी पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को सरल व सहजतापूर्वक समझ जाते हैं।गीत संगीत कहानियों के माध्यम से कठपुतली सामाजिक विज्ञान,समाज सुधार अभियान को लेकर शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से देश समाज में जागरूक करने वाले सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड मालीघाट निवासी कठपुतली कला का प्रशिक्षण देते है।




मेष राशि : आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

वृष राशि : आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

मिथुन राशि : आज आपका दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपका मन नये काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

कर्क राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिलने के योग हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार का सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी।

कन्या राशि : आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने में व्यस्त रहेगा। पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ अधिक होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। यदि छात्र किसी नये पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे और आप कुछ नए प्रतिभाशाली लोगों मिलेंगे। आज अपने आप को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके द्वारा बहुत पहले बनाए गए प्लान में जरूरी बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान बढ़ेगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सामने रुक नहीं सकेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि : आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान ङ्क सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। माता के साथ संबंध मधुर रहेंगे। बिजनेस में पिता को सहयोग करेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन उनके अनुकूल रहने वाला है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद से अधिक सफलता मिलेगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। परीक्षा में आज अप्रत्याशित परिणाम मिलने से आपको बहुत प्रसन्नता होगी। संतान के करियर संबंधी चिंताएं दूर होंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं।

## उत्पादन, परिवर्तन और विविधीकरण: भारत ने किस प्रकार अपनी ऊर्जा प्रणाली को गतिशील बनाया

आम तौर पर, संरचनात्मक ऊर्जा परिवर्तन शायद ही कभी आरामदायक समय के दौरान होते हैं। वे तब होते हैं जब किसी संकट की लंबे समय तक अनदेखी की जाती है और उसके प्रति निष्क्रिय भाव रखा जाता है। यद्यपि, पिछले 11 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने इसके विपरीत काम किया है। इसने ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक परिवर्तन किए, तब भी जब परिस्थितियां प्रतिकूल नहीं थीं। इसने भारत को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों को सहन करने के प्रति अधिक क्षमता निर्माण में सक्षम बनाया। मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन का विस्तार करके, नए ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन का प्रबंधन करके और आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाकर, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बाहरी झटकों का सामना करने में देश को अधिक सक्षम बना दिया है।

भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की।

पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

हालांकि, 2020 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस लक्ष्य को 2025 तक विस्तारित कर दिया, क्योंकि इसने भू-राजनीतिक झटकों की स्थिति में ऊर्जा आयात के प्रति देश की निर्बलता को कम करने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। प्रयासों और नीतिगत फोकस के परिणामस्वरूप, पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग 2014 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो गया, जो 11 वर्षों में 13 गुना वृद्धि है। इथेनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया।

20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम अब सालाना लगभग 44 मिलियन बैरल कच्चे तेल को विस्थापित करता है।

दूसरी कार्यनीति सही तरीके से ऊर्जा परिवर्तन करने से संबंधित थी। मोदी सरकार ने सभी स्तरों पर देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के विकास का समर्थन किया। इसने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी, जिसने पिछले चार वर्षों में एफडीआई में 36 बिलियन डॉलर को आकर्षित किया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला क्षमता का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं आरंभ की गईं। भारत में (हाइब्रिड) ईवी का फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (फेम I) 2015 में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया था, जिससे इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

योजना के पहले चरण में, लगभग 2.78 लाख ईवी जोड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 59 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। फेम इंडिया योजना के परिणाम और अनुभव के आधार पर, फेम का दूसरा चरण 2019 में आरंभ किया गया। हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर अग्रिम मूल्य में कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान की गईं, जिससे इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की सुविधा मिली। इस पहल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अधिक किफायती और सुलभ बना दिया, जिससे उन्हें अपनाने में तेजी लाने में मदद मिली। इस योजना ने 16 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सब्सिडी दी, जिससे 42.9 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई।

इसके अतिरिक्त, इस पहल के परिणामस्वरूप, 2019-20 की तुलना में 2023-24 में भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में 9.7 गुना वृद्धि हुई। वर्तमान में, भारत के ईवी बाजार में 2025-2026 में तेजी देखी जा रही है, जिसकी बिक्री 2.3 मिलियन यूनिट (कुल वाहन पंजीकरण का लगभग 8 प्रतिशत) तक पहुंच गई है।

ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में इस परिवर्तन में निर्भरता से जुड़ा जोखिम भी है। खनिज निर्भरता की जगह तेल निर्भरता के लिए बदलाव से पूर्ण ऊर्जा सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। इस निर्बलता को दूर करने के लिए, मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन आरंभ किया।

तीसरी कार्यनीति, मोदी सरकार की ऊर्जा स्रोतों और आपूर्ति भागीदारों के विविधीकरण से जुड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहु- संयोजन की नीति अपनाई है, जिसने भारत को अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कई राज्यों के साथ समानांतर, गहरे संबंध विकसित करने में सक्षम बनाया है। इस कूटनीतिक लोकसंपर्क ने भारत के क्रूड सोर्सिंग बेस को एक दशक पहले के 27 देशों से बढ़ाकर आज 40 से अधिक कर दिया है।

इन उपायों के महत्व को समझने का एक उपयोगी तरीका यह विचार करना है कि अगर ये कदम नहीं उठाए गए होते तो स्थिति कैसी दिख सकती थी। रूस-यूक्रेन युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव जैसी घटनाओं ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी जल्दी प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि इथेनॉल ब्लेंडिंग जैसे घरेलू विकल्पों के विस्तार के बिना, जिसने 2014 के बाद पहले ही 190 मिलियन बैरल मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल के आयात (और 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है) को प्रतिस्थापित किया है, इस तरह के झटकों के लिए भारत का जोखिम बहुत अधिक और प्रतिकूल परिणाम होता।



## मोगा रैली ऐतिहासिक, 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ पंजाब में बनेगी भाजपा सरकार : केवल सिंह ढिल्लों

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब के मोगा में भारतीय जनता पार्टी की रैली की अपार सफलता के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं। रैली में उमड़े जनसैलाब को लेकर पंजाब भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बड़ा दावा किया है कि इस रैली ने पंजाब की राजनीति में एक नए युग की नींव रख दी है और 2027 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होगी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने अपने बयान में कहा कि वह मोगा रैली में पहुंचे लाखों पंजाबियों का हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक रैली में करीब एक से डेढ़ लाख लोग पहुंचे थे। जनसैलाब का आलम यह था कि रैली समाप्त होने के बाद भी लोगों को आयोजन स्थल से बाहर निकलने में दो से तीन घंटे का लंबा समय लग गया। ढिल्लों ने कहा कि जनता का यह भारी हुजूम पंजाब में एक बड़े और स्पष्ट राजनीतिक बदलाव का संकेत दे रहा है।

केवल सिंह ढिल्लों ने जोरदार शब्दों में कहा कि मोगा की रैली ने 2027 के चुनावों के लिए एक मजबूत नींव रख दी है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताते हुए कहा कि जिस तरह आज देश के 19 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें पूरी मजबूती से काम कर रही हैं, ठीक उसी तर्ज पर 2027 में पंजाब में भी पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने इस रैली को पंजाब की सियासत में एक 'ऐतिहासिक बदलाव' का दिन करार दिया, जिसने राज्य में सत्ता परिवर्तन की एक नई लहर को जन्म दे दिया है।

इस मौके पर ढिल्लों ने देश के गृह मंत्री अमित शाह का भी विशेष रूप से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने पंजाब की धरती पर आकर राज्य के लोगों के सामने पार्टी का विजन और भविष्य की रूपरेखा बिल्कुल स्पष्ट कर दी है। अमित शाह के स्पष्ट संदेश ने न सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है, बल्कि आम जनता के मन में भी भाजपा के प्रति एक अटूट विश्वास जगाया है।

## परीक्षा प्रक्रिया पर सीएम योगी का सख्त निर्देश, किसी भी व्यक्ति, जाति और पंथ पर अमर्यादित टिप्पणी नहीं होगी स्वीकार्य

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे राज्य में सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने भर्ती बोर्डों से परीक्षा प्रक्रियाओं में गरिमा और संवेदनशीलता सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही, जिलाधिकारियों को राज्य के पश्चिमी हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश के असर की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है। अलग-अलग भर्ती बोर्ड और आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ अथवा संप्रदाय की आस्था और गरिमा के संबंध में किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके दृष्टिगत सभी पेपर सेटर्स को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं और ऐसे आदतन अपराधियों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र तैयार करने वालों को परीक्षा के प्रश्न बनाते समय पूरी सावधानी और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता, संवेदनशीलता और गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। सीएम आदित्यनाथ ने भर्ती अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी प्रश्न पत्र तैयार करने वालों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें, जिसमें अनुचित या आपत्तिजनक सामग्री से बचना अनिवार्य हो।

## पंजाब में हथियार और ड्रग्स तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार हथियारों और ड्रग्स तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 अत्याधुनिक पिस्टल बरामद की हैं। आरोपियों के कब्जे से 60 कारतूस और 3.513 किलोग्राम हेरोइन भी बरामद की गई। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई को अमृतसर सीमा क्षेत्र में चल रहे नशा और हथियार तस्करी के खिलाफ पुलिस की सतत मुहिम का हिस्सा बताया है। पंजाब डीजीपी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बरामद हथियार और हेरोइन का संबंध पाकिस्तान के तस्करों से है, जो भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हथियारों और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में मदद कर रहे थे। आरोपी सीमा पार से आने वाले एक दलाल के अधीन काम कर रहे थे, जिससे एक बड़े संगठित तस्करी नेटवर्क का संकेत मिलता है।

# गंगा किनारे कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मची खलबली; केंद्र से मांगा पूरा हिसाब

नई दिल्ली(आरएनएस)। पवित्र गंगा नदी के किनारों और उसके मैदानी इलाकों (फ्लड प्लेन) पर अवैध रूप से पक्के निर्माण कर कब्जा जमाने वालों पर अब सुप्रीम कोर्ट की गाज गिरने वाली है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में बेहद सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार को एक कड़ा निर्देश जारी किया है। अदालत ने सरकार से गंगा किनारे हुए सभी अवैध निर्माणों और अतिक्रमण को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि इस अवैध कब्जे को हटाने और नदी के संरक्षण के लिए अब तक जमीन पर क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इस आदेश के बाद से संबंधित विभागों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- अतिक्रमण हटाने में क्या है बाधा?

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस गंभीर मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से कई तीखे सवाल किए। अदालत ने पूछा कि गंगा के पुनरुद्धार और प्रबंधन से जुड़ी अधिसूचना को प्रभावी ढंग से लागू करने में अथॉरिटी के रास्ते में आखिर क्या रुकावटें आ रही हैं। पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि



जिन-जिन राज्यों से होकर गंगा नदी बहती है, वहां की अथॉरिटी नदी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बना रही है और यह कैसे सुनिश्चित किया जाएगा कि गंगा के किनारे हर तरह के अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त हों। अदालत ने माना है कि यह कोई छोटा मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके लिए एक व्यापक और गहन जांच की सख्त जरूरत है।

डॉल्फिन के अस्तित्व पर भी मंडरा रहा भारी खतरा

सुनवाई के दौरान अदालत में एक और बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील आकाश वशिष्ठ ने पीठ को बताया कि नदी के किनारों पर जिस बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण हो रहा है, उससे जलीय जीवों पर भी भारी संकट आ गया है। उन्होंने अदालत के संज्ञान में लाया कि गंगा नदी के इन हिस्सों में बड़ी संख्या में ताजे पानी की दुर्लभ डॉल्फिन पाई जाती हैं, जिनके प्राकृतिक आवास अब खतरे में हैं। इसलिए इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने और सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।]इस पूरे मामले की शुरुआत पटना के रहने वाले अशोक कुमार सिन्हा द्वारा दायर एक याचिका से हुई है। दरअसल, साल 2020 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील बाढ़ के मैदानों पर अवैध निर्माण के खिलाफ दायर उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इसी फैसले को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सर्वोच्च अदालत ने अब गंगा बेसिन वाले कई राज्यों को नोटिस जारी कर दिया है और केंद्र से यह भी पूछा है कि अतिक्रमण हटाने के लिए उन्हें अदालत से किस तरह के विशेष निर्देशों की जरूरत है।

## एलपीजी संकट से जनता परेशान, पांचों राज्यों के चुनाव में भाजपा को मिलेगा करारा जवाब : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि आने वाले समय में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को ज़ोर का झटका लगेगा है। देश की जनता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से बेहद नाराज़ है और चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि असम और केरल में आम आदमी पार्टी खुद चुनाव लड़कर भाजपा को चुनौती देगी, जबकि पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देकर भाजपा को हराने का काम करेगी। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगा।

अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबंधन के कारण आज पूरा देश एलपीजी गैस के गंभीर संकट से जूझ रहा है। कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर पाने के लिए अपना काम-धंधा छोड़कर लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोगों को खुद अपने कंधों पर सिलेंडर उठाकर घर ले जाना पड़ रहा है। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि भाजपा सरकार व्यवस्था संभालने में पूरी तरह नाकाम हो चुकी है और आम नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है।अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को सुविधाएं देने की बजाय लोगों को लाइनों में खड़ा करने की राजनीति की है।

## थालापति विजय बनेंगे डिप्टी सीएम? बीजेपी ने चला तमिलनाडु में सबसे बड़ा सियासी दांव, 80 सीटों का दिया बंपर ऑफर

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा से 'सिनेमा' और 'सियासत' का बेहद गहरा और दिलचस्प नाता रहा है। अब सत्ता के इस खेल में एक और नया तथा धमाकेदार अध्याय जुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। दक्षिण भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ को और अधिक मजबूत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (क्ष्छ्क) ने सुपरस्टार से नेता बने थालापति विजय की नवगठित पार्टी 'ञ्जङ्क्य' को गठबंधन का एक बहुत बड़ा और खुला ऑफर दे डाला है। सूत्रों के हवाले से जो खबर सामने आ रही है, उसने राज्य की सियासत में भूचाल ला दिया है। दावा किया जा रहा है कि बीजेपी ने विजय के सामने सीधे उपमुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) पद का बंपर प्रस्ताव रख दिया है।

सिनेमा से सियासत तकज् सत्ता पलटने की बड़ी तैयारी

राजनीतिक गलियारों में चल रही हलचल और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीजेपी ने गठबंधन के तहत विजय की पार्टी ञ्जङ्क्य को 80 सीटें देने की भारी-भरकम पेशकश की है। बीजेपी आलाकमान की यह स्पष्ट राजनीतिक रणनीति है कि यदि सुपरस्टार विजय के करोड़ों प्रशंसकों का वोट बैंक एनडीए (ह्रुष्ठ) के खाते में जुड़ जाता है, तो आगामी चुनावों में तमिलनाडु के चुनावी नतीजे पूरी तरह से पलट सकते हैं। बीजेपी के रणनीतिकारों का यह भी आकलन है कि तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां मुकाबला बेहद कड़ा होता है, वहां महज 2 प्रतिशत वोटों का स्विंग भी जीत और हार की पूरी दिशा बदल कर रख सकता है। विजय की इसी जबरदस्त लोकप्रियता को भुनाने के लिए बीजेपी उन्हें अपने पाले में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

पर्दे के पीछे चल रहा है बड़ा खेल, ये है सबसे बड़ा पेंच



इस राजनीतिक खिचड़ी को पकाने के लिए पर्दे के पीछे भी बड़ी स्तर पर बातचीत का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि इस बड़े गठबंधन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए किसी दूसरे राज्य के एक उपमुख्यमंत्री मध्यस्थ की अहम भूमिका निभा रहे हैं, जो लगातार विजय के साथ संवाद का रास्ता साफ करने में जुटे हैं। हालांकि, इस पूरी डील में एक बहुत बड़ा पेंच भी फंसा हुआ है। बीजेपी ने भले ही उपमुख्यमंत्री पद और 80 सीटों का लुभावना ऑफर दिया हो, लेकिन अभिनेता विजय की नजरें सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर टिकी हुई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का भी यही मानना है कि विजय अपनी इस पहली ही चुनावी पारी में किसी 'सहयोगी' की बजाय 'मुख्य भूमिका' निभाना चाहते हैं, जो फिलहाल इस पूरी बातचीत में सबसे बड़ा 'स्पीड ब्रेकर' साबित हो रहा है।



गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने पार्टी में हाल ही में शामिल हुए नेता भूपेन रॉय और अन्य नेताओं के साथ हाथ मिलाया।

## गरमजोशी भरी मेहमाननवाज़ी के साथ पंजाबी गीत-संगीत और नृत्यों ने भी निवेशकों का मन मोह लिया

मोहाली (आरएनएस)। प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2026 के दौरान जहाँ देश-विदेश से आए निवेशक पंजाब सरकार की निवेश-समर्थक नीतियों से बेहद प्रभावित हुए, वहीं राज्य सरकार की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाज़ी के साथ पंजाबी गीत-संगीत और नृत्यों ने भी निवेशकों का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उद्घाटन सत्र के दौरान कहा था कि सम्मेलन में भाग लेने आए प्रतिनिधि पंजाबी गानों और खान-पान का भी आनंद लेंगे।सम्मेलन के दौरान मोहाली गोल्फ रेंज में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक रंजीत बावा और हरजीत हरमन की गायकी ने डेलिगेट्स को झूमने और नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर जुगनी सांस्कृतिक समूह द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य लुड्डी और भंगड़ा ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए खूब तालियाँ बटोरीं।रंजीत बावा ने अपने प्रसिद्ध गीत गाकर समां बांध दिया। बावा की दमदार प्रस्तुति पर प्रतिनिधियों ने जमकर भंगड़ा डाला। बावा ने हेवीवेट भंगड़ा, फैमिली दी मेंबर, शेर, मुकाबला, छोटे-छोटे घरां जैसे हिट गीत गाकर सभी का मनोरंजन किया।हरजीत हरमन ने एक धार्मिक गीत के साथ अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की और जिथों मरज़ी वंगां चढ़वा लईं मित्रां दा नाम चलदा, पंजाब गुरुओं की कृपा से बसता है, चौबी कैरेट गोल्ड सहित पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाते अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस दौरान पंजाब के उद्योग, वाणिज्य और निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा ने देश-विदेश से आए सभी मेहमानों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के प्रतिनिधियों को पंजाबी संस्कृति से भी परिचित करवाया जा रहा है।

# क्या आपको भी इनकम टैक्स विभाग से आया है लेनदेन का ईमेल? घबराएं नहीं, विभाग ने खुद मानी बड़ी गलती

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप भी टैक्सपेयर हैं और आपको हाल ही में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से 'महत्वपूर्ण लेनदेन' (High Value Transactions) को लेकर कोई ईमेल मिला है, तो घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। दरअसल, आयकर विभाग की ओर से कई करदाताओं को गलत जानकारी वाले ईमेल भेज दिए गए थे, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। अब इस पूरे मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने खुद सामने आकर स्थिति स्पष्ट की है। विभाग ने अपनी इस बड़ी तकनीकी चूक को स्वीकार करते हुए शनिवार को सोशल मीडिया पर एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए टैक्सपेयर्स से माफी मांगी है।

विभाग ने मानी तकनीकी गलती, असुविधा के लिए जताया खेद

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बताया कि उनके संज्ञान में यह बात आई है कि असेसमेंट ईयर




2026-27 (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए चल रहे एडवांस टैक्स ई-कैंपेन के तहत कई टैक्सपेयर्स को गलत जानकारी वाले ईमेल मिल गए हैं। विभाग ने इस चूक को सामने लाने के लिए करदाताओं का धन्यवाद किया और इस वजह से हुई भारी असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि वह अपने सर्विस प्रोवाइडर के साथ मिलकर इस तकनीकी खामी को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए पूरी सक्रियता से काम कर रहा है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा न हो। इस स्पष्टीकरण के साथ ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सभी टैक्सपेयर्स से अपील की है कि वे असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए एडवांस टैक्स से जुड़े उन पुराने ईमेल को पूरी तरह से नजरअंदाज (इग्नोर) कर दें। विभाग ने बताया कि ये ईमेल दरअसल किसी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि पूरी तरह से एक सुविधा और रिमाइंडर के तौर पर भेजे गए थे।

इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि टैक्सपेयर्स कंप्लायंस पोर्टल पर उपलब्ध अपनी वित्तीय जानकारी की ठीक से समीक्षा कर सकें और जहां भी जरूरी हो, वहां सही समय पर उचित एडवांस टैक्स नियमों का पालन सुनिश्चित कर सकें।

## पंजाब में निवेश करें, सरकार देगी पूरा सहयोग और प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

मोहाली (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एसएएस नगर (मोहाली) में आयोजित तीन दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार उद्योगों को पूरा सहयोग और आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और विदेश से आए निवेशकों की बड़ी भागीदारी ने यह साबित किया है कि पंजाब में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो चुका है। उन्होंने घोषणा की कि समिट में तय किए गए निवेश प्रस्तावों और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सरकार छह महीने बाद निवेशकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित करेगी।समिट के अंतिम दिन उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने और पंजाब की आर्थिक प्रगति में भागीदार बनने के लिए आए उद्योगपतियों की प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के प्रमुख उद्योगपति इस महत्वपूर्ण मंच पर एकत्र हुए हैं।

# अनुराग सिंह ठाकुर के टीबी मुक्त भारत अभियान को मिला दिल्ली पुलिस का साथ

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और 'टीबी मुक्त भारत-टीबी हारेगा, देश जीतेगा' की पहल के अंतर्गत आज दिल्ली में सांसद और दिल्ली पुलिस अधिकारियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का नेशनल स्टेडियम में आयोजन हुआ। सांसदों की कमान अनुराग सिंह ठाकुर तो दिल्ली पुलिस की कप्तानी कमिश्नर सतीश गोलचा ने सम्हाली। कड़े रोमांचक मुक़ाबले में दिल्ली पुलिस ने सांसदों की टीम को 12 रनों से हराकर विजेता की ट्राफी अपने नाम की। टॉस हारकर पहके बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली पुलिस की टीम ने 20 ओवर में 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में अनुराग सिंह ठाकुर की शानदार 52 रनों की पारी के बावजूद सांसदों की टीम 212 रन पर सिमट गई। डीडी स्पोर्ट्स पर इस मैत्री क्रिकेट मैच का सजीव प्रसारण हुआ।

इस मैत्री क्रिकेट मैच के बारे में बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने 'टीबी-मुक्त भारत' टी20 मैच पर कहा, मैं सभी सांसदों और पुलिस के अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं कि जागरूकता के लिए हम टीबी-मुक्त क्रिकेट मैच खेल रहे हैं। टीबी-मुक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है। ये एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लाखों लोगों की जान जाती है। हम इसे लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं और पूर्व में भारत के कई शहरों में टीबी हारेगा, देश जीतेगा की पहल के अंतर्गत हम क्रिकेट मैच खेल चुके हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए हम देश के कोने-कोने जाकर मैच खेलेंगे और जनता को टीबी के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। आज दिल्ली में पुलिस अधिकारियों टीम के साथ मैच खेलना एक शानदार अनुभव है। दोनों टीमों को मिलाकर 400 से ज़्यादा रन बने हैं जो इस मैच के उत्साह का प्रमाण है।

# पंजाब ने सिंगल विंडो प्रणाली के साथ कारोबार और फिल्म शूटिंग के लिए दरवाजे खोले : बलतेज पन्नू

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब को फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पंजाब फिल्म प्रमोशन नीति 2026 लागू की है, जिसे निवेश को आकर्षित करने के लिए लाभकारी और लचीला बनाया गया है। यह बात मोहाली स्थित प्लाक्शा यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 के दौरान मीडिया और मनोरंजन सत्र में आयोजित पैनल चर्चा में सामने आई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा, हम हर फिल्मकार, हर निवेशक और हर रचनात्मक व्यक्ति का स्वागत करते हैं। आपको जो भी चाहिए और जैसे भी चाहिए, मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार आपके साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि पंजाब की नकारात्मक छवि प्रस्तुत करने वाले बिचौलियों का दौर समाप्त हो चुका है और फिल्मकारों तथा मीडिया से जुड़े लोगों को शूटिंग के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली तथा हर प्रकार की सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे वास्तविकता में बदलने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पंजाब की पंजाबियत की आत्मा कभी खत्म नहीं हो सकती।

श्री पन्नू ने बताया कि सरकार फिल्म शूटिंग के लिए अनुमति प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई सुधार कर रही है। उन्होंने एक हालिया उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक प्रोडक्शन यूनिट को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा तो संबंधित अधिकारी को एक फोन करने पर ही समस्या तुरंत हल हो गई।

# दोस्ताना 2 को मिली नई देसी गर्ल, प्रियंका चोपड़ा की राह पर चलीं सिनी शेट्टी



करण जौहर की फिल्म दोस्ताना में प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खूबसूरती और अभिनय से एक यादगार देसी गर्ल की छवि बनाई। उस वक्त प्रियंका मिस वर्ल्ड का ताज जीतकर बॉलीवुड में छा चुकी थीं। सालों बाद दोस्ताना 2 में अब नई देसी गर्ल आ गई है और इतिहास खुद को दोहराता दिख रहा है। प्रियंका के नक्शेकदम पर चलते हुए अब पूर्वमिस इंडिया सिनी शेट्टी, लक्ष्य लालवानी और विक्रांत मैसी संग स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

धर्मा प्रोडक्शंस की दोस्ताना 2 अपनी कास्टिंग और बदलावों को लेकर काफी समय से चर्चा में रही है। इसकी शूटिंग सबसे पहले लक्ष्य लालवानी, कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर के साथ शुरू हुई थी। निर्माताओं और कार्तिक के बीच अनबन की खबरों के बाद, कार्तिक इस प्रोजेक्ट से अलग हो गए। इस बड़े बदलाव के बाद धर्मा प्रोडक्शंस ने फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अब सालों बाद, फिल्म एक नई स्टारकास्ट के साथ वापसी कर रही है।

इतिहास एक बार फिर खुद को दोहराने जा रहा है। जिस तरह 2008 में मिस वर्ल्ड प्रियंका चोपड़ा ने दोस्ताना में अपनी अदाओं से देसी गर्ल का खिताब पाया था, अब एक और सौंदर्य प्रतियोगिता की विजेता इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मिस इंडिया सिनी शेट्टी इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। सिनी ने साल 2022 में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था।

साल 2025 में फिल्म के पुनरुद्धार के बाद लक्ष्य लालवानी के साथ अब विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ये विक्रांत की धर्मा प्रोडक्शंस के साथ पहली फिल्म होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि निर्माता सिनी शेट्टी को फाइनल करने से पहले 3 अन्य अभिनेत्रियों के नाम पर विचार कर रहे थे, लेकिन आखिरकार सिनी की प्रतिभा ने उन्हें ये बड़ा मौका दिलाया। अब सिनी फिल्म की देसी गर्ल परंपरा को एक बार फिर पर्दे पर जीवंत करेंगी।

सिनी के लिए दोस्ताना 2 मिलना सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सपने के सच होने जैसा है। दरअसल, सिनी हमेशा से प्रियंका को अपनी प्रेरणा मानती आई हैं। अब कुदरत का करिश्मा देखिए, सिनी को अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म उसी फ्रेंचाइजी की मिली है, जिसने प्रियंका को देसी गर्ल बनाया था। बता दें कि दोस्ताना बॉलीवुड की उन चुनिंदा फिल्मों में से है, जिसने ग्लैमर, कॉमेडी और एक बोल्ड विषय को बड़ी खूबसूरती से पर्दे पर उतारा था।

# एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा, सुपर वेली फिल्म का फर्स्ट लुक जारी

**एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा, सुपर वेली फिल्म का फर्स्ट लुक जारी फिल्मी दुनिया में सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा।**

अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो। उनके इस वीडियो को कुछ यूजर्स ने गलत तरीके से समझ लिया और कहने लगे कि अदा शर्मा के पास काम नहीं है और वह खाली बैठी हैं।

लेकिन अब, जब अदा शर्मा ने फिल्म के टाइटल का खुलासा किया, तो लोगों को समझ आया कि वह अपनी आने वाली फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं।

फर्स्ट लुक वीडियो में वह अपने किरदार के बारे में बताती दिख रही हैं, वह कहती है, मेरा नाम वेल्ली नहीं वेली है, लेकिन आप मुझे वेल्लीविजिलक्ष्मी कृष्णमूर्ति चंद्रशेखरानवामी अय्यर कह सकते हैं। वह आगे बताती है कि वह एक्रोमैटोप्सिया है यानी कलर ब्लाइंड. इससे पीड़ित इंसानों को दुनिया केवल काले, सफेद और ग्रे कलर में दिखाई देती है।

सुपर वेली में उनका अंदाज पूरी तरह बदला दिखेगा। यह फिल्म एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी दिखाती है, जो पारंपरिक हीरो की तरह जिम्मेदार नहीं है।



फिल्म के फर्स्ट लुक में अदा शर्मा का सुपरहीरो किरदार दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा आराम करना पसंद करती है। वह अक्सर सोने या आराम करने के बारे में ही सोचती है, बावजूद इसके किसी न किसी तरह बड़ी घटनाओं के बीच पहुंच जाती है। कभी वह बेहद अनाड़ी लगती है, तो कभी अचानक समझदारी भरा कदम उठाती नजर आती है।

फिल्म का निर्देशन राजेश बच्चानी कर रहे हैं। उन्होंने अदा शर्मा के चयन को लेकर कहा, मुझे अदा की एक्टिंग काफी पसंद है।

खास तौर पर फिल्म कमांडो में उनका किरदार मुझे बहुत पसंद आया था। उनमें एक अलग तरह की प्रतिभा है। उनके अभिनय में स्वाभाविकता, समझदारी और हल्का-फुल्का मजाकिया अंदाज भी देखने को मिलता है।

इसलिए फिल्म के किरदार के लिए वह मुझे सही लगीं। इस फिल्म की कहानी पर मैं पिछले तीन साल से काम कर रहा हूं और मैं दर्शकों के सामने कुछ नया और ताजगी भरा कंटेंट पेश करना चाहता हूं।

# प्रभास की स्पिरिट में अमेरिकन इंडियन एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की एंट्री, रणवीर की फिल्म में भी आ चुकी हैं नजर



पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से कथित मतभेद के बाद वह फिल्म से अलग हो गईं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया है। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय भी इस मेगा बजट प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। हाल ही में मेकर्स ने उनका पहला लुक जारी किया। उनके पहले लुक ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचा दी है। लेकिन, अब उनसे ज्यादा चर्चा नए पोस्टर में नजर आ रही एक्ट्रेस की हो रही है। पोस्टर में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आ रही हैं, जिनकी अब हर तरफ चर्चा है। तो चलिए जानते हैं इस नई-नवेली एक्ट्रेस के बारे में।

स्पिरिट के नए पोस्टर में विवेक ओबेरॉय के साथ नजर आई एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की बात करें तो वह एक भारतीय-अमेरिकी मॉडल हैं। ऐश्वर्या ने पहले मॉडलिंग की दुनिया में नाम कमाया और फिर अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इससे पहले वह वह रणवीर सिंह की फिल्म गली बॉय में भी नजर आ चुकी हैं और साथ ही उन्होंने रैट इन द किचन नाम की एक शॉर्ट फिल्म में भी काम किया है, जिसके लिए उन्हें पुरस्कार भी मिला। अभिनय में आने से पहले, ऐश्वर्या देसाई ने मैरीलैंड विश्वविद्यालय से मार्केटिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी।

ऐश्वर्या देसाई सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और आए दिन नए-नए पोस्ट साझा करती रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम बायो की बात करें तो उन्होंने खुद को एक मॉडल, एक्ट्रेस, ब्यूटी एक्सपर्ट और लाइफस्टाइल क्रिएटर बताया है। इंस्टाग्राम पर उनके 36,000 फॉलोअर्स हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी मॉडलिंग की तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जिन्हें उनके प्रशंसक खूब पसंद करते हैं।

स्पिरिट में ऐश्वर्या के किरदार की बात करें तो कहा जा रहा है कि उनका किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाएगा और फिल्म को एक नया आयाम देगा, हालांकि उनके किरदार को लेकर फिलहाल कोई और जानकारी नहीं है। ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल के बाद, निर्माता भूषण कुमार और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अब स्पिरिट को और भी भव्य पैमाने पर पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म स्पिरिट में प्रभास लीड रोल में हैं और उनके साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। प्रकाश राज भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म पूरे भारत में आठ भाषाओं में 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली है।

# धुरंधरः द रिवेंज की नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू, सीक्वल ने तोड़ा पीक्वल का रिकॉर्ड

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित सीक्वल, धुरंधर 2, जिसका ऑफिशियल टाइटल धुरंधरः द रिवेंज है, 2026 की सबसे बड़ी ओपनर बनने के लिए तैयार है। मेकर्स ने अब नेशनवाइड के लिए भी एडवांस बुकिंग के लिए टिकट काउंटर ओपन कर दिया है. एडवांस बुकिंग को भारत के बड़े बाजारों में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि, कई सिनेमा सर्किट तो टिकटों की बढ़ती मांग को पूरा करने में भी मुश्किल महसूस कर रहे हैं.धुरंधर 2 के मेकर्स ने देशभर के फैंस को गुड न्यूज दिया. मेकर्स ने बताया कि धुरंधर 2 का नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते लिखा है, बिगाड़ने का वक्त आ गया है, धुरंधर द रिवेंज की एडवांस बुकिंग देशभर में खुली है. अभी अपने टिकट बुक करें. धुरंधर द रिवेंज दुनिया भर में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद पर हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी.सैकनिल्क के शेयर किए गए नए अपडेट में बताया कि ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में फिल्म के प्रीमियर से कुछ दिन पहले ही सिनेमाघरों में काफी भीड़ देखी जा रही है. इसे देखते हुए, सिनेमाघर मालिकों ने फिल्म के शुरुआती वीकेंड में और भी शो जोड़ने पर विचार करना शुरू कर दिया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत टिकट पहले ही बिक चुके हैं, जबकि हैदराबाद में प्री-सेल 75 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है और बेंगलुरु में एडवांस बुकिंग में लगभग 60 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं.ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मौजूदा रुझान फिल्म के प्रति जबरदस्त उत्साह को दर्शाता है. डिमांड का यह लेवल 2017 में आई बाहुबली 2: द कंक्लूजन को मिले माहौल की याद दिलाता है. हालांकि अभी बुकिंग का शुरुआती दौर ही चल रहा है, लेकिन प्रमुख महानगरों में टिकटों की बिक्री की रफ्तार से यह संकेत मिलता है कि यह फिल्म हाल के सालों में रिलीज हुई किसी भी भारतीय फिल्म के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी ओपनिंग में से एक हासिल कर सकती है.



आदित्य धर की इस फिल्म ने सिर्फ पेड प्रीव्यूज से ही भारत में 32 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, 14 मार्च सुबह 10 बजे तक धुरंधरः द रिवेंज ने 9506 शो के लिए 5,44,237 टिकट बेचे हैं, जिससे पेड प्रीव्यू बुकिंग से 27.36 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई हुई है. वहीं ब्लॉक सीटों के साथ 32.11 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.

इस फिल्म ने अब अपनी ही पिछली फिल्म धुरंधर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि, यह छावा के रिकॉर्ड को तोड़ने से बस जरा सा चूक गई. सैकनिल्क के रिपोर्ट के अनुसार, धुरंधर ने भारत में पहले दिन 28 करोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की थी. जबकि छावा ने घरेलू स्तर पर पहले दिन 33.50 करोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की. हालांकि धुरंधर और छावा दोनों के ही पेड प्रीव्यू नहीं हुए थे.

विदेशों में भी फिल्म की मांग जोर पकड़ रही है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेंकी बॉक्स ऑफिस के अनुसार, फिल्म ने अमेरिका में प्रीमियर के लिए एडवांस बुकिंग से 1.07 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली है. यह कमाई 690 जगहों, 1,765 शो और 67,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री से हुई है.

# यात्रा के लिए सामान पैक करते समय इन हैक्स को अपनाना हो सकता है फायदेमंद

यात्रा के लिए सामान पैक करना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सही तरीके से पैकिंग न करने पर कई बार जरूरी चीजें छूट जाती हैं या ज्यादा सामान ले जाना पड़ता है। इस लेख में हम कुछ आसान और असरदार उपायों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आपकी यात्रा को और भी सुविधाजनक और आनंददायक बनाया जा सकता है। इन उपायों को अपनाकर आप अपनी यात्रा को बिना किसी परेशानी के पूरा कर पाएंगे।

## कपड़ों को रोल करके पैक करें

कपड़ों को रोल करके पैक करने से न केवल ज्यादा कपड़े समा सकते हैं, बल्कि इससे वे कम जगह घेरते हैं। इसके लिए सबसे पहले कपड़े को हल्का सा मोड़ें, फिर उसे रोल बनाकर कसकर बांधें। इससे कपड़े निचले हिस्से में अच्छी तरह से फिट हो जाएंगे और यात्रा के दौरान भी वे ठीक रहेंगे। यह तरीका आपके कपड़ों को अधिक व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखने में मदद करेगा, जिससे आपकी यात्रा और भी आरामदायक बन जाएगी।

## जिप लॉक बैग का करें उपयोग


जिप लॉक बैग्स का उपयोग करके आप छोटे-छोटे सामान जैसे टूथब्रश, डियोड्रेंट, या अन्य टॉयलेट्री आइटम्स को आसानी से व्यवस्थित कर सकते हैं। इन बैग्स में सामान रखने से वे सुरक्षित रहते हैं और लीक होने का डर भी कम होता है। इसके अलावा इन्हें आसानी से कैरी किया जा सकता है। जिप लॉक बैग्स का यह तरीका आपकी यात्रा को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाता है, जिससे आपको हर चीज जल्दी मिलती है और आपका समय भी बचता है।

## कई काम आने वाले सामान का चयन करें

यात्रा के दौरान ऐसे सामान चुनें जो कई काम आ सकते हैं, जैसे एक ही शर्ट को अलग-अलग तरीकों से पहनकर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आपको कम कपड़े ले जाने की जरूरत पड़ेगी और बैग में जगह भी बचेगी। इसके अलावा आप एक ही जैकेट या स्वेटर को कई बार पहनकर अलग-अलग लुक पा सकते हैं। इससे न केवल आपका वजन हल्का होगा बल्कि आप अपनी यात्रा को भी आरामदायक बना सकेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चार्जर्स को व्यवस्थित रखें

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चार्जर्स अक्सर यात्रा के दौरान गड़बड़ हो जाते हैं। इन्हें व्यवस्थित रखने के लिए छोटे-छोटे पाउच या रबर बैंड का उपयोग करें ताकि वे उलझें नहीं। इसके अलावा आप छोटे कार्डबोर्ड का टुकड़ा लेकर उसमें छेद करके रबर बैंड डाल सकते हैं, जिससे चार्जर्स आसानी से पहचाने जा सकें। इस तरीके से आपकी यात्रा अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनेगी। इस तरह के उपाय अपनाकर आप अपनी यात्रा को और भी आनंददायक बना सकते हैं।



## यात्रा के दौरान आरामदायक कपड़े पहनें

यात्रा के दौरान आरामदायक कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। इसके लिए सूती या हल्के कपड़े चुनें जो आपको ठंड से बचाएंगे और आरामदायक महसूस करवाएंगे। इसके अलावा ढीले-ढाले कपड़े जैसे योगा पैंट्स या आरामदायक टॉप्स भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी अगली यात्रा को अधिक आनंददायक बना सकते हैं और किसी भी तरह की परेशानी से बच सकते हैं।

# गर्मियों में ताजगी देंगी ये 4 तरह की ठंडी मॉकटेल, पी कर मन हो जाएगा तृप्त

गर्मी के मौसम में हर कोई कुछ ऐसा पीना चाहता है, जो ताजगी प्रदान करता हो। ऐसे में ज्यादातर लोग जूस या कोल्ड ड्रिंक का विकल्प चुन लेते हैं। हालांकि, इनके बजाय आपको मॉकटेल पीनी चाहिए, जिनमें कई अलग-अलग स्वाद एक साथ मिल जाते हैं। ये न केवल ताजगी देती हैं, बल्कि मन को भी तृप्त कर देती हैं। आइए इस लेख में 4 तरह की लजीज मॉकटेल की रेसिपी जानते हैं।

## चिली पैन



चिली पैन एक ऐसा पेय है, जो आपको गर्मियों के दौरान काफी ताजगी दे सकता है। यह पेय भारत के कुछ दक्षिणी राज्यों में काफी लोकप्रिय है और इसे नारियल पानी, नींबू के रस, काला नमक और काली मिर्च के मिश्रण से बनाया जाता है। यह के न केवल आपको गर्मियों में ठंडक प्रदान कर सकती है, बल्कि इसमें मौजूद काला नमक और काली मिर्च के कारण पाचन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिल सकती है।

## लिची पंच

यह मॉकटेल गर्मियों के दौरान लिची की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक जग में पानी, शहद, नींबू का रस, ताजे पुदीने के पत्ते और लिची को डालकर अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और फिर इसे परोसें। लिची में मौजूद विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाचन को स्वस्थ रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

## पिना कोलाडा

पिना कोलाडा एक मलाईदार और स्वादिष्ट मॉकटेल है, जो आपको गर्मियों के दौरान काफी ताजगी दे सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक मिक्सर में अनानास का रस, नारियल का दूध, सफेद रम और थोड़ा-सा शक्कर डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को एक गिलास में बर्फ के टुकड़े डालकर पीएं। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद अनानास और नारियल के कारण सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

## तरबूज और पुदीने की मॉकटेल

तरबूज और पुदीने की मॉकटेल एक ताजगी भरा पेय है, जिसे आप गर्मियों में आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए तरबूज के टुकड़ों को मिक्सी में पीस लें, फिर उसमें ताजे पुदीने के पत्ते डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को छानकर गिलास में डालें और ऊपर से नींबू का रस निचोड़ें। अंत में इस पर बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं।

## अबू धाबी के अल-बह्याह में गिरी मिसाइल, एक फिलिस्तीनी नागरिक की मौत

अबू धबी सिटी,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान का संयुक्त अरब अमीरात पर हमले जारी है। सोमवार को दुबई के साथ-साथ राजधानी अबू धाबी में भी हमले किए गए हैं। अबू धाबी मीडिया ऑफिस ने बताया कि अल-बह्याह इलाके में एक वाहन पर मिसाइल गिरने से एक फिलिस्तीनी नागरिक की मौत हो गई है। अधिकारियों ने जनता से अफवाहें या असत्यापित जानकारी फैलाने से बचने का अनुरोध किया है और सत्यापित सूचनाओं पर विश्वास करने को कहा है।

सोमवार तड़के ईरान ने दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास भी कई हमले किए हैं। हालांकि, इससे किसी के घायल होने या हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। हमलों के बाद हवाई अड्डे से कई प्रमुख उड़ानों को रद्द कर दिया गया। भारत में एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी दुबई की उड़ानों को रद्द किया है। दोपहर बाद दुबई हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया कि उन्होंने कुछ उड़ानों को फिर शुरू कर दिया है।

यूएई सरकार देश में अफवाह और फर्जी खबरें प्रसारित करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। अभी तक इस मामले में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 19 भारतीय हैं। सभी भारतीयों पर आरोप है कि उन्होंने बिना किसी पुष्टि से गलत सूचनाओं को प्रसारित किया, एआई वीडियो बनाकर गलत जानकारी दी और हमला करने वाले देश की सेना का महिमामंडन किया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## ईरान के चाबहार व्यापार क्षेत्र के पास अमेरिका ने किया हमला, सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका ने ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। वॉयस ऑफ अमेरिका की फारसी भाषा सेवा ने बताया कि ईरान के इस अहम व्यापार क्षेत्र के पीछे एक पहाड़ पर जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। ये इलाका ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांतों में पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यह अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंच के लिए भारत के लिए भी अहम है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों से मुख्य चाबहार बंदरगाह को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, बल्कि केवल पास के सैन्य ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है। ओमान की खाड़ी के सामने स्थित इस इलाके में ईरान की कई नौसैनिक संपत्तियां, मिसाइल केंद्र, वायु रक्षा प्रणालियां और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकाने मौजूद हैं। इन हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात को होने वाले खतरों का मुकाबला करना और जहाज-रोधी मिसाइल प्रणालियों को नष्ट करना है। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र एक विशेष आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्र है, जो औद्योगिक और पारगमन केंद्र के रूप में कार्य करता है। इसकी स्थापना 1992 में विदेशी निवेश को आकर्षित करने और पारंपरिक और भीड़भाड़ वाले व्यापार मार्गों को दरकिनार करने के लिए की गई थी। ये मध्य एशिया को हिंद महासागर से जोड़ता है। इससे तेहरान को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरे बिना सीधे हिंद महासागर तक पहुंच मिलती है। चाबहार भारत के लिए रणनीतिक रूप से बहुत अहम है। यह भारत को अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक आसान पहुंच देता है, और क्षेत्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का मुख्य केंद्र है। इसके जरिए भारत पाकिस्तान के बजाय अपना माल सीधे अफगानिस्तान भेज सकता है। अब तक भारत को व्यापार के लिए पाकिस्तान से होकर गुजरना पड़ता था। चीन के नजरिए से भी ये अहम है, क्योंकि ये ग्वादर बंदरगाह के बराबर ही ओमान की खाड़ी में है 2024 में चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए भारत और ईरान के बीच करीब 3,000 करोड़ रुपये का अहम समझौता हुआ था।

## ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई रूस में, पुतिन के आवास पर हो रहा इलाज



मॉस्को,(आरएनएस)। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई कहां हैं, इसको लेकर कई अटकलें लग रही हैं। पहले कहा गया कि अमेरिका-इजरायल के हमले में वे गंभीर घायल हो गए और फिलहाल कोमा में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दावा किया था कि वे जीवित नहीं हैं। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोजतबा कथित तौर पर रूस में हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में घायल होने के बाद खामेनेई इलाज के लिए मॉस्को चले गए हैं। उनका इलाज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास से जुड़े एक निजी चिकित्सा केंद्र में चल रहा है। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि खामेनेई को युद्ध के बारे में जानकारी नहीं है और ये भी नहीं पता है कि वे ईरान के सुप्रीम लीडर नियुक्त किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा को एक रूसी सैन्य विमान में बेहद गुप्त अभियान के तहत मॉस्को लाया गया है।एक सूत्र का हवाला देते हुए दावा किया कि मॉस्को में मोजतबा की सर्जरी की गई है और वह फिलहाल पुतिन के आवासों में से एक आवास में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, घायल होने के बाद मोजतबा को गहन चिकित्सा निगरानी और विशेष देखरेख की जरूरत थी, जो युद्धग्रस्त ईरान में नहीं मिल सकती थी।रिपोर्ट के मुताबिक, 12 मार्च को पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्किया से फोन पर बात की थी। इस दौरान पुतिन ने खुद मोजतबा को इलाज के लिए रूस लाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर ईरानी अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई और फिर मोजतबा को रूस भेजने का फैसला लिया गया। हालांकि, अभी तक न तो ईरानी और न ही रूसी अधिकारियों ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।हाल ही में सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान के सीना विश्वविद्यालय अस्पताल में मोजतबा का इलाज चल रहा है और ईरान के स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद रजा जफरगंदी उनकी देखरेख कर रहे हैं।

## यूएई में फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में 19 भारतीयों समेत 35 लोग गिरफ्तार

दुबई,(ए.)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। इन आरोपियों में 19 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यह कार्रवाई उस समय की गई है जब अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है। यूएई प्रशासन का कहना है कि इन लोगों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर छेड़छाड़ किए गए वीडियो और झूठी खबरें फैलाईं, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर भय और भ्रम का माहौल पैदा हो सकता था। अटॉर्नी-जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स के अनुसार, यह कार्रवाई डिजिटल प्लेटफॉर्म की कड़ी निगरानी के दौरान की गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी तीन अलग-अलग समूहों में संगठित होकर भ्रामक सामग्री फैला रहे थे। पहले समूह में शामिल 10 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने यूएई के आसमान में मिसाइलों के गुजरने के वास्तविक वीडियो में डरावने साउंड इफेक्ट्स और भ्रामक टिप्पणियां जोड़कर उन्हें इस तरह पेश किया जैसे देश पर हमला हो रहा हो। इससे न केवल जनता में घबराहट फैलने का खतरा था,



बल्कि देश की संवेदनशील रक्षा क्षमताओं से जुड़ी जानकारी भी उजागर हो सकती थी। दूसरे समूह के 7 लोगों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से नकली वीडियो बनाने और अन्य देशों की पुरानी घटनाओं को यूएई का बताकर साझा करने का आरोप है। इन वीडियो में धमाके और मिसाइल हमले जैसी फर्जी घटनाएं दिखाई गईं ताकि वे असली लगें। वहीं, तीसरे समूह के 6 लोगों पर शत्रुतापूर्ण देशों की सैन्य कार्रवाई और राजनीतिक नेतृत्व की प्रशंसा करने वाली सामग्री पोस्ट करने का आरोप है, जिसे राष्ट्रीय हितों के खिलाफ माना गया है। यूएई के कड़े साइबर कानूनों के तहत इन अपराधों के लिए कम से कम एक साल की जेल और एक लाख दिरहम (लगभग 22 लाख रुपये से अधिक) के जुर्माने का प्रावधान है।

## मैं तो कॉफी के लिए ही मर रहा हूं, मौत की अफवाहों पर बोले नेतन्याहू, जारी किया वीडियो

यरुशलम,(ए.)। ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला जारी है। वहीं ईरान भी रह-रहकर इजरायल और खाड़ी देशों में अमेरिका



ठिकानों को निशाना बना रहा है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगी थीं। लेकिन अब अपनी मौत की अफवाहों पर चुटकी लेते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह सड़क किनारे बाजार में कॉफी का ऑर्डर देते नजर आ रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर पिछले एक सप्ताह से नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से अनुपस्थिति को लेकर अटकलें तेज थीं, खासकर तब जब एक वीडियो सामने आया जिसमें नेतन्याहू के हाथ में छह उंगलियां दिखीं। इस वीडियो ने अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी के संयुक्त हमले और ईरान की तेज रिएक्शन के बीच खाड़ी क्षेत्र में फैले युद्ध की पृष्ठभूमि में नयी बहस और अफवाहों को हवा दे दी। रविवार को नेतन्याहू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्हें कॉफी लेने के दौरान कहते सुना जा सकता है, बहुत बढ़िया (कॉफी देने वाले विक्रेता से), धन्यवाद।

## खाड़ी के देशों को जंग से जुड़ी तकनीक सिखाएंगे जेलेंस्की, बदले में लेंगे पैसा और तकनीक

कीव,(ए.)। ईरान और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते युद्ध के खतरों और लगातार होते मिसाइल-ड्रोन हमलों के बीच एक नया कूटनीतिक मोड़ सामने आया है। यूक्रेन ने अमेरिका और उसके खाड़ी सहयोगी देशों को सुरक्षा संबंधी मदद देने का प्रस्ताव रखा है, लेकिन राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्पष्ट कर दिया है कि यह सहायता बिना शर्त नहीं होगी। यूक्रेन ने अपनी ड्रोन विशेषज्ञता साझा करने के बदले रूस से चल रहे युद्ध के लिए भारी वित्तीय सहायता और आधुनिक सैन्य तकनीक की मांग रखी है।



रूस के साथ पिछले चार वर्षों से जारी भीषण युद्ध के दौरान यूक्रेन ने ईरान द्वारा डिजाइन किए गए कामिकाजे और शाहेद ड्रोन से निपटने का व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। दरअसल, शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल रूस ने यूक्रेनी शहरों और बुनियादी ढांचे को तबाह करने के लिए बड़े पैमाने पर किया है। अब यूक्रेन इसी अनुभव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में पेश कर रहा है। जेलेंस्की का तर्क है कि जो देश समान ड्रोन खतरों का सामना कर रहे हैं, यूक्रेन उन्हें प्रभावी ड्रोन-रोधी सुरक्षा प्रणाली विकसित करने में मदद कर सकता है।

रिपोर्टों के अनुसार, यूक्रेन ने कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों में अपने विशेषज्ञों की टीमें भेजी हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि प्रत्येक टीम में दर्जनों विशेषज्ञ शामिल हैं, जो स्थानीय स्थिति का आकलन कर यह बताएंगे कि ड्रोन हमलों को कैसे विफल किया जाए। कीव लंबे समय से पश्चिमी देशों से वायु-रक्षा मिसाइलों और आधुनिक हथियारों की मांग कर रहा है, और अब वह खाड़ी देशों के संकट को अपनी जरूरतों को पूरा करने के अवसर के रूप में देख रहा है। हालांकि, अमेरिका के भीतर से इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया आई है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि उनके देश को ड्रोन रक्षा के लिए यूक्रेन की मदद की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसके बावजूद यूक्रेन अपनी विशेषज्ञता को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।


दूसरी ओर, ईरान ने यूक्रेन के इस कदम पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने इसे एक मजाक और दिखावटी कदम करार दिया है। कीव में ईरान के दूत शाहियार अमूजेगर ने कहा कि यूक्रेन अब प्रभावी रूप से ईरान के साथ सीधे टकराव के चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन पश्चिमी देशों से अधिक पैसा और संसाधन बटोरने के लिए ईरान कार्ड खेल रहा है।

# खेल समाचार

## बीसीसीआई ने जारी किये सभी दस आईपीएल टीमों के कप्तानों के नाम

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 के लिए कप्तानों के नाम घोषित कर दिये हैं। आईपीएल में इस बार भी 10 टीमें उतरेंगी। इन सभी टीमों के कप्तानों की घोषणा हो गयी है। कप्तानों की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुए हैं। मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी इस बार भी रजत पाटीदार के पास रहेगी। वहीं, पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की कप्तानी एक बार फिर श्रेयस अय्यर करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल के पास रहेगी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे।

मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या करेंगे। पिछले सत्र में भी वहीं कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी पिछले बार के कप्तान अजिंक्य रहाणे को बरकरार रखा है। राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी में बदलाव हुआ है और इस बार रियान पराग कप्तान बनाये ये थे। रियान ने हालांकि पिछली बार नियमित कप्तान संजू सैमसन के साथ कुछ




मैचों में कप्तानी की थी। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी इस बार भी पैट कमिंस करेंगे। पिछले बार भी वही कप्तान रहे थे। गुजरात टाइटन्स की कप्तानी शुभमन गिल ही करेंगे।

### आईपीएल टीमों के कप्तान

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - रजत पाटीदार
पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर
लखनऊ सुपर जायंट्स - ऋषभ पंत
मुंबई इंडियंस - हार्दिक पांड्या
चेन्नई सुपर किंग्स - रुतुराज गायकवाड़
कोलकाता नाइट राइडर्स - अजिंक्य रहाणे
राजस्थान रॉयल्स - रियान पराग
सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस
गुजरात टाइटन्स - शुभमन गिल
दिल्ली कैपिटल्स - अक्षर पटेल

## हार्दिक पांड्या ने खरीदी 12 करोड़ रुपये की फेरारी, गर्लफ्रेंड माहिका के साथ आए नजर

नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ अपनी नई गाड़ी फेरारी 12 सिलिंड्री



में नजर आ रहे हैं। 2 सीटों वाली ये कार भारत में बहुत कम देखने को मिलती है। इस सुपरकार की कीमत 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसकी टॉप स्पीड करीब 340 से 350 किमी/घंटा है। हार्दिक के पास पहले से कई शानदार गाड़ियां हैं।

फेरारी की इस 12 सिलिंड्री कार में एस्पिरेटेड 6.5-लीटर वी-12 इंजन दिया गया है। ये कार 2.9 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इसमें हाइब्रिड तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया गया गया है। इस कार का इंजन 80bhp की पावर जनरेट करता है। यह सुपरकार 8 स्पीड डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आती है। इस कार का बोनट रिवर्ड ओपनिंग डिजाइन के साथ आता है। कार के अंदर 3 डिजिटल स्कीन दी गई है।

हार्दिक ने टी-20 विश्व कप 2026 के सभी 9 मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें बल्लेबाजी में उन्होंने 9 पारियों में 27.12 की औसत और 160.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 217 रन बनाए। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 32.33 की औसत और 8.81 की इकॉनमी रेट के साथ 9 ही विकेट लिए। भारत ने लगातार दूसरा विश्व कप जीता और हार्दिक दोनों विश्व कप में टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

नईदिल्ली(ए)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। उनके नेतृत्व में पाकिस्तानी टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 का खिताब जीता था। वह पिछले कुछ सालों में टीम से बाहर चल रहे थे। 2007 में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2023 में पाकिस्तान की ओर से आखिरी मैच (टेस्ट) खेला था। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

सरफराज ने बयान में कहा, पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। 2006 में अंडर-19 टीम को चैंपियन बनाने से लेकर 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी उठाने तक, पाकिस्तान की जर्सी में बिताया हर पल खास रहा है। पाकिस्तानी टीम का सभी प्रारूप में कप्तानी करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था। मैंने हमेशा निडर क्रिकेट खेलने और एक एकजुट टीम बनाने की कोशिश की।सरफराज पाकिस्तान की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 3,000 से अधिक रन बनाने वाले इकलौते विकेटकीपर हैं। सरफराज ने साल 2010 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत की थी। उन्होंने 54 टेस्ट की 95 पारियों में 37.41 की औसत के साथ 3,031 रन बनाए। इस प्रारूप में 118 रन के उच्चतम स्कोर के साथ उन्होंने 4 शतक और 21 अर्धशतक लगाए।

सरफराज ने अपने वनडे करियर में 117 मैच खेले थे, जिसमें 33.55 की औसत और 87.85 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,315 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 105 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 शतक और 11 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 61 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भी पाकिस्तानी टीम का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 27.26 की औसत और 125.26 की स्ट्राइक रेट के साथ 818 रन बनाए थे।

## सैमसन ने माना एक बार उनके दिमाग में भी शतक लगाने का विचार आया था



मुम्बई (ए.)। टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन टूर्नामेंट में तीन बार शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये क्योंकि टीम की जरुरतों के हिसाब से उन्होंने तेजी से खेला। इसी को लेकर एक कार्यक्रम में संजू ने माना है कि एक बार उसके मन में शतक बनाने का विचार आया पर अगले ही पल उसे लगा कि शतक से अधिक टीम की जीत जरुरी है। इसलिए उसने शतक का विचार छोड़कर टीम की जरुरतों के हिसाब से खेलना तय किया। सैमसन ने पांच मैचों में कुल 321 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 199.37 का रहा। वह टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके पास तीन बार शतक लगाने का अवसर था पर उन्होंने निजी उपलब्धि की चिंता नहीं की। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन बनाये जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए। इसके अलावा न्यूजीलैंड के विरुद्ध फाइनल में 89 रन बनाये।

सैमसन ने कहा, लोग कहते हैं कि मैं तीन बार शतक नहीं लगा पाया पर मुझे लगता है उससे बहुत बड़ा काम हुआ है। मैंने शतक न बनाकर अधिक बेहतर योगदान दिया। मुझे ऐसा ही लगता है हालांकि मैं ये नहीं कहूंगा कि मैंने 100 के बारे में सोचा ही नहीं। हर किसी की तरह ही मेरे मन में भी आया था कि एक बार 100 बन जायें तो और अधिक मजा आयेगा पर बाद में सोचा कि जिस प्रकार खेलते हुए मैं यहां तक पहुंचा हूं, वैसे ही खेलूंगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली,(ए.)। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ उसने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। कीवी टीम की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और उनका कोई भी बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना पाया। दक्षिण अफ्रीका को सिर्फ 92 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने आसानी से हासिल कर लिया। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं।

कीवी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। न्यूजीलैंड के लिए जिमी नीशम ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। पूरी टीम 14.3 ओवर में पवेलियन में थी। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 3 विकेट लिए। जवाब में प्रोटियाज ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉनर एस्टरहुइजेन ने 45 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में सिर्फ 8 रन खर्च कर 1 विकेट लिया।

मोकोएना ने 3.3 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 26 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 7.40 की रही। ये खिलाड़ी अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहा था। 19 साल के इस खिलाड़ी ने अब तक 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 20 पारियों में 19 विकेट लेने में सफल रहे हैं। मोकोएना ने अपने टी-20 करियर में एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/34 का रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने 3 ओवर में सिर्फ 14 रन खर्च किए और 2 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट केवल 4.70 की रही। ऑटनील बार्टमैन ने भी मैच में अच्छी गेंदबाजी की और 3 ओवर में केवल 22 रन खर्च करते हुए 2 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 7.30 की रही।

## बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान: तंजीद हसन तमीम ने वनडे में अपना पहला शतक लगाया

नईदिल्ली,(ए.)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मैच में बेहतरीन शतक (107) लगाया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला शतक साबित हुआ। इस बीच उन्होंने सैफ हसन (36) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। आइए तंजीद की पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

ढाका में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेशी टीम से तंजीद ने उम्दा बल्लेबाजी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने डटकर बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज ने नजमुल हुसैन शांतो (27) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। उन्होंने 98 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 107 गेंदों में 107 रन बनाकर आउट हुए।तंजीद ने 2023 में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अब तक 31 मैचों की 30 पारियों में 700 से अधिक रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी बार 50+ रन का स्कोर बनाया है। इसी सीरीज के पहले वनडे में तंजीद ने नाबाद 67 रन की पारी खेली थी।तंजीद इस सीरीज में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 3 पारियों में 87.50 की औसत और 112.18 की स्ट्राइक रेट के साथ 175 रन बनाए हैं।

तंजीद ने अपनी इस शतकीय पारी के दौरान लिस्ट-ए क्रिकेट में अपने 3,000 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 108 मैच खेले हैं, इसकी 106 पारियों में 3,050 से अधिक रन बनाए हैं।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए अरविंद व्यास



नर्मदापुरम। इटारसी (निप्र)। राष्ट्रीय नागरिक अधिकार मंच द्वारा नर्मदांचल के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित अरविंद व्यास को संगठन का नर्मदापुरम जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निहोरे एवं प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान की अनुशंसा पर की गई है। संगठन ने श्री व्यास को जिले में मानव अधिकारों के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने यह अपेक्षा की है कि जनजागरूकता बड़ाने का कार्य भी श्री व्यास बखूबी से करेंगे। श्री व्यास को मिली इस नयी जबावदारी पर उनके परिजनों, परिचितों, व विभिन्न समाजों के अनेक वर्गों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## श्री हनुमान धाम मंदिर समिति की बैठक संपन्न

इटारसी(निप्र)। रामभक्त हनुमान जी के प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर श्री हनुमान धाम मंदिर समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मानव अधिकार मंच जिला नर्मदापुरम पंडित अरविन्द व्यास मंदिर सेवादार लखन बेस, जिला कांग्रेस महामंत्री राजकुमार केलू उपाध्याय, बंटी लांबा, पुजारी पंडित नरेंद्र कुमार तिवारी शामिल हुए। बैठक में भगवान हनुमान जी महाराज के चल समारोह, भंडारे के संबंध में विशेष चर्चा हुई। दानदाताओं द्वारा राशि का दान किया गया। यह आयोजन श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 18 को

नर्मदापुरम। नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा नव संवत्सर गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर विगत 20 वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 18 मार्च को रात्री 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में देश प्रदेश के विभिन्न अंचलों से ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया रहा है जिनमें प्रमुख रूप से कौशल सक्सेना, डॉ आदित्य जैन, दिनेश याज्ञनिक, महेंद्र मधुर, अमित बिल्लौरे, दीपक दनादन, विकास वैरागी, दर्शन लोहार, मयंक शर्मा, विनोद सनोडिया, डॉ रानू रूही आदि कवि कविता पाठ करेंगे। समिति के प्रमुख किशोर करैया ने बताया कि संस्था द्वारा रचनात्मक एवं साहित्यक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी है। उन्होंने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व. संतोष इंकलाबी ने रखी थी। आज वह हमारे बीच नही है परन्तु उनकी स्मृति में समिति द्वारा आज भी इंकलाबीजी व्दारा प्रारंभ किया अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की परम्परा का निर्वहन निरंतर जारी है।

# आगामी दो दिवस में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत प्राप्त करे अपेक्षित प्रगति : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

## जिले में कही भी न हो एलपीजी सप्लाई बाधित, एसडीएम निरंतर मॉनिटरिंग

नर्मदापुरम/(निप्र)। सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समाधान ऑनलाइन एवं समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान न्यायालयों एवं विभिन्न आयोगों में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को अभियान के अंतर्गत प्राप्त समस्याओं का प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में संचालित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ



ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने और जहां भी जल आपूर्ति की समस्या की संभावना हो वहां पूर्व से ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समय-सीमा बैठक के दौरान जिले में संचालित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के टीकाकरण में तेजी लाई जाए तथा अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अब तक किए गए टीकाकरण की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी फील्ड में सक्रियता दिखाते हुए अभियान को गति प्रदान करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस में टीकाकरण की प्रगति स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। उन्होंने कहा कि दो दिनों के बाद पुन: समीक्षा की जाएगी और यदि प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई प्रतावित की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ अमले को सक्रिय करें तथा उन्हें इस अभियान के प्रति संवेदनशील बनाते हुए लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

# संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

### जिला स्तर की पर्यावरणीय योजना में जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास पर हुआ मंथन




नर्मदापुरम (निप्र)। जिला पर्यावरण नियोजन एवं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के संबंध में सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नर्मदापुरम संभाग के बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों से लगभग 50 अधिकारियों तथा विभिन्न संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर की पर्यावरणीय योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों को प्रभावी रूप से शामिल करना रहा। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, तापमान में वृद्धि तथा अनियमित वर्षा के कारण कृषि, जल संसाधन, पशुधन एवं अन्य विभागों पर पड़ने वाले प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अविनाश करेरा तथा एप्को के विषय विशेषज्ञ रामरतन सिमैया एवं रवि शाह द्वारा प्रतिभागियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त नर्मदापुरम नवल मीणा द्वारा की गई। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग एप्को के परियोजना सहायक सिलिंद गुलसुन्दरे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी योगेंद्र राय एवं जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

## विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च को

नर्मदापुरम (निप्र)। डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम डॉ बबीता राठौर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2026 के तहत सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च 2026 को होगा। सुबह 10 बजे सूर्य उपासना के बाद नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन कार्यक्रम शासकीय नर्मदा महाविधालय नर्मदापुरम के ऑडिटोरियम किया जाएगा। तत्संबंध में विक्रमोत्सव 2026 के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नगर पालिका अवैध सीढ़ी को हटाने में अनावश्यक लगा रही समय

नर्मदापुरम (निप्र)। एक बार अवैध रूप से लगाई गई सीढ़ी को हटाने के बाद भी नगर पालिका के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए संबंधित ने दूसरी बार सीढ़ी लगाकर नगर पालिका को खुली चुनौती दी है। नगर पालिका भी दोबारा लगाई गई सीढ़ी को हटाने में किसी मुहुर्त का इंतजार कर रही है। क्योंकि अवैध निर्माण यदि नगर पालिका की संपत्ति पर हुआ है तो उसे किसी से पूछने की या किसी के इशारे का इंतजार होना ही नहीं चाहिए था। लेकिन इस संबंध में नगर पालिका की मुख्य अधिकारी ने स्वयं अवैध रूप से लगाई गई सीढ़ी हो हटवा दिया था। उसके बाद फिर से लगाई गई सीढ़ी का अवलोकन भी कर लिया है। तब शायद किसी मुहुर्त का इंतजार हो रहा है। यदि इस प्रकार अवैध निर्माण को संरक्षण दिया जाएगा तो नगर पालिका के और भी भवन हैं उनमें कोई भी अपनी मनमानी करते हुए कहीं भी सीढ़ी लगा कर नगर पालिका को चुनौती लेने लगेंगे। इसमें मजे की बात यह है कि आपत्तिकर्ताओं द्वारा लिखित में शिकायतें की गई हैं। कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में, मुख्यमंत्री की हेल्प लाइन 181, पर तथा नगर पालिका को भी शिकायत की प्रति दी जाने के बाद भी नगर पालिका के द्वारा अभी तक अवैध जीने को नहीं हटाया गया। क्या वास्तव में सीढ़ी लगाने वाला बहुत बड़ा प्रभावशाली है। जिससे नगर पालिका को भय बना हुआ है।

## न्यूज पेपर विक्रेता स्वर्ण सिंह नहीं रहे शहर में शोक की लहर व्याप्त

नर्मदापुरम (निप्र)। अपने मिलनसार व्यवहार व मधुर आवाज से सभी को प्रभावित करने वाले स्वर्ण सिंह का आकस्मिक निधन होने से शहर में



शोक की लहर व्याप्त है। प्रात: काल आपके घर पर देश दुनिया व प्रदेश के साथ जिले की खबर अखबार के रूप में पहुंचाने वाले पत्रकार विजय बहादुर के अनुज स्वर्ण सिंह जिन्हें सभी लोग सोनी के नाम से जानते थे गत दिवस उनका आकस्मिक निधन हो गया। जिससे समूचे नगर में शोक की लहर छा गई। स्वर्ण सिंह (सोनी भाई) लगभग 45 वर्ष के थे और उनके पास सभी अखबारों की एजेंसी थी। प्रति दिन उनका सैंकड़ों लोगों से सीधा जुड़ाव रहता था। अचानक उनका अल्पायु में सबसे बिछुड जाने का सभी को दुख है। उनका अंतिम संस्कार राजघाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। अन्य समाचार पत्रों की तरह स्व. श्री सोनी वर्षों से दैनिक क्षितिज किरण से भी जुड़े हुए थे।

# साइबर फ्राड के प्रति किया सचेत, बचत की सलाह भी

## समेरिटंस में वित्तीय जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



नर्मदापुरम (निप्र)। जीवन में बचत करना बहुत जरूरी है। बचत की राशि जीवन में आने वाले संकटों के दौरान हमारे और हमारे परिवार के काम आती है। इसके अलावा हमें जीवन में साइबर अपराध करने वालों से भी सावधान रहना चाहिए। यह संदेश सोमवार को समेरिटंस विद्यालय चक्कर रोड मालाखेड़ी में आयोजित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक और बजाज फाइनेंस के सहयोग से किया गया था। आयोजक टीम के संदीप साहू, संजय शर्मा और प्रमोद त्रिवेदी ने बताया कि वर्तमान समय में हरेक परिवार को वित्तीय नियोजन अवश्य करना चाहिए। साथ की साइबर अपराधों से भी बचने के लिए अपनी निजी जानकारी और ओटीपी कभी भी किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, प्रभारी अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सोहागपुर में एचपीवी वैक्सीन अभियानः एसडीएम ने बैठक में दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रियंका भल्लावी की अध्यक्षता में किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण शतप्रतिशत पूर्ण कराने हेतु महिला बाल विभाग से सीडीपीओ सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य,




शिक्षक स्वास्थ्य से आशा एएनएम की एचपीवी वैक्सीन अभियान के लक्ष्य पूर्ति हेतु अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमओ डॉ रेखा गौर ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का प्रमुख कारण है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित है। जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से सोहागपुर नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक लगाए जा रहे हैं।बैठक में एसडीएम सुश्री भल्लावी ने महिला बाल विकास एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 14 वर्ष आयु पूर्ण तथा 15 वर्ष पूर्ण ना हुई हों ऐसी बालिका हितग्राहियों की सूची बीएमओ को उपलब्ध कराते हुए अभिभावकों से अपनी बेटियों को HPV टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित करें, साथ ही इस अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य के लिए बिना किसी डर और भ्रांति के टीकाकरण कराने की अपील की है।


## //जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आजाद मालवीय निवासी नर्मदापुरम ने कालिका नगर नर्मदापुरम में निवासी सुनील कुमार से उनके स्वामित्व वाले भू-खंड 105/8 में से 1000 (एक हजार) वर्ग फुट का प्लाट क्रय करने का सौदा किया है। इस प्लाट के संबंध में जिस किसी को इसमें आपत्ति हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की एक सप्ताह की अवधि में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

सूचना कर्ता
आजाद मालवीय, नर्मदापुरम
मो-820912275


## *घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश*

*नर्मदापुरम (निप्र)। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है। अत: उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें। देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे।*

***1357 सिलेंडर जप्त***

*एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।*

## आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित, अधिकारियों को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम की दी गई विस्तृत जानकारी



नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के समस्त एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 तथा इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्धारित संरचना, कार्यक्षेत्र तथा इसके अंतर्गत गठित की जाने वाली समितियों और उनके प्रमुख अधिकारियों की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।इसके अतिरिक्त तहसील स्तर पर गठित की जाने वाली इंसीडेंट रिस्पांस टीम के संबंध में भी उपस्थित अधिकारियों को विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यशाला में आईआरएस के अंतर्गत किए जाने वाले प्रबंधन, समन्वय व्यवस्था तथा पूर्व निर्धारित उद्देश्यों के संबंध में भी चर्चा की गई।

कार्यशाला के दौरान इंसिडेंट कमांडर की भूमिका और उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों के बारे में भी अधिकारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई, ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, प्लाटून कमांडर होमगार्ड श्रीमती अमृता दीक्षित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सीनियर इंस्ट्रक्टर मनीष झा द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## नई दिल्ली में संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सांसद चौधरी की सहभागिता

नर्मदापुरम (निप्र)। नई दिल्ली में सोमवार को आयोजित शिक्षा, महिलाए बाल, युवा एवं खेल संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सांसद एवं समिति के सदस्य दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उच्चतर शिक्षा विभाग की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों से संबंधित तीन सौ पचहत्तरवां प्रतिवेदन तथा युवक कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों से संबंधित तीन सौ अठहत्तरवां प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इन प्रतिवेदनों पर सांसद चौधरी ने अपने सकारात्मक एवं रचनात्मक विचार रखते हुए शिक्षा, युवा सशक्तिकरण तथा खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सांसद श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में शिक्षा व्यवस्था के आधुनिकीकरण युवाओं के कौशल विकास तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। नई शिक्षा नीति डिजिटल शिक्षा के विस्तार तथा खेलों के लिए बेहतर संसाधनों की उपलब्धता से देश के युवाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के प्रयासों से शिक्षाए युवा विकास और खेल क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा युवाओं की ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में और अधिक प्रभावी रूप से उपयोग होगी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम ( म.प्र. )

### :: निविदा आमंत्रण सूचना ::

**निविदा सूचना क्र0 11/2026/e-Tender/N.Puram** — **दि0 10/03/2026**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स0 क्रं0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_488930 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग,संभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत मुख्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो के डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित। | प्रथम | 9.97 | 19940/- |
| 2 | 2026_PWDRB_488931 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | सुखतवा स्थित भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय में(आगे एवं पीछे की ओर) बाउण्ड्री-वॉल का निर्माण कार्य। | प्रथम | 19.98 | 39960/- |
| 3 | 2026_PWDRB_488934 | नर्मदापुरम | भवन कार्य | ग्राम बराखड़ खुर्द ब्लॉक सिवनी मालवा में खेड़ापति मंदिर के पास दो पीपल बाबा कालोनी में बैठने हेतु ढंका हुआ स्थान एवं ग्राम पंचायत बराखड की निलय ड्रीम कालोनी में चबूतरा तथा शेड का निर्माण कार्य। | प्रथम | 3.39 | 6780/- |
| | | | | **योग ( रू0 लाख में )** | | **33.34** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26/03/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **मूल एफ0डी0आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त** किए जावेंगे।

**जी/27461/25**

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*